इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 अंक -194 राजनांदगांव, शनिवार 01 जून 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से
प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला
भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षो से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....

गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
★ नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 ★ खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166

कातिल गर्मी ! यूपी में 24, बिहार में 46 लोगों की गई जान; 24 घंटे में देशभर में लू से 140 से अधिक की मौत

नई दिल्ली। शुक्रवार को लू व भीषण गर्मी से बिहार में 46, झारखंड में 16, ओडिशा में 44 और यूपी में 24 की जान चली गई। राजस्थान में चार की मौत के साथ आठ दिनों में मरने वालों की संख्या 64 पहुंच चुकी है। पश्चिम ओडिशा में भीषण गर्मी के कारण हालात चिंताजनक हैं। भीषण गर्मी के कारण एक दिन में 44 लोगों की जान चली गई। इनमें अकेले सुंदरगढ़ जिले में एक दिन में 20 लोगों की मौत हुई है। यूपी और बिहार में मरने वालों में क्रमशः 11 और आठ मतदान कर्मी शामिल हैं। बिहार में मौत की घटनाएं 11 जिलों में हुई हैं।

सर्वाधिक मौत औरंगाबाद में हुई, जिसमें 17 लोगों ने दम तोड़ दिया। गया में सात, रोहतास में आठ, सारण में तीन, आरा, पटना व जहानाबाद में दो-दो, कैमूर, सिवान, हाजीपुर, नालंदा व मुंगेर में एक-एक की मौत हुई है।औरंगाबाद में लू से प्रभावित 350 लोगों का उपचार चल रहा है। मृतकों में चुनाव कार्य में लगे दो शिक्षक, दो अधिकारी एक जवान समेत आठ कर्मी शामिल हैं। मुंगेर में एक दारोगा की मौत हुई है। राज्य में बुधवार को 14 और गुरुवार को 65 की मौत हो गई थी। झारखंड में लू और गर्मी से बीमार होकर

पिछले चौबीस घंटे में 16 की मौत हुई है। इनमें दो यूपी के सीतापुर और कानपुर के रहने वाले थे। पलामू में आठ, जमशेदपुर में तीन, गढ़वा में दो और हजारीबाग में तीन की जान गई है। राज्य में पिछले 48 घंटे में 33 लोगों की मौत हुई है। यूपी के मीरजापुर व सोनभद्र में 11 मतदान कर्मियों की हालत बिगड़ गई, जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। डॉक्टरों के मुताबिक, किसी में तेज बुखार, उच्च रक्तचाप तो किसी शुगर लेवल भी बढ़ा मिला। इसके अलावा अलग-अलग जिलों में भी 13 लोगों की हालत गर्मी से बिगड़ने के कारण मौत हो गई। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

योगी बोले-नहीं कटनी चाहिए बिजली

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ कहा है कि गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। उन्होंने राहत आयुक्त कार्यालय के स्तर से मौसम पूर्वानुमान का दैनिक बुलेटिन जारी करने का भी निर्देश दिया है। सभी नगर निकायों व ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ रखवाए जाएं। सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। पानी की कमी से प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। अयोध्या, काशी, मथुरा सहित सभी धार्मिक स्थलों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

छत्तीसगढ़ में अब तक गर्मी से 6 की मौत

छत्तीसगढ़ में आज भी कई इलाके लू की चपेट में हैं। नौतपा के 7वें दिन यानी शुक्रवार को प्रदेश में कई प्रमुख शहरों में हीटवेव का असर शाम ढलने के बाद भी दिखाई दे रहा। इस दौरान बिलासपुर में 2 और जांजगीर-चांपा में एक भिखारी की मौत हो गई।

आठ राज्यों की 57 सीटों पर आज वोटिंग, मैदान में पीएम मोदी व उनके 5 मंत्री

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें और आखिरी रण में कल यानी 1 जून को आठ राज्यों की 57 सीटों पर वोटिंग होगी। आखिरी चरण में प्रधानमंत्री, पांच केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व मुख्यमंत्री और चार एक्टर समेत कुल 904 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कल यानी 1 जून 2024 को आठ राज्यों की जिन 57 सीटों पर मतदान होना है, उनमें उत्तरप्रदेश की 13, पंजाब की 13, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ, ओडिशा की छह, हिमाचल की चार और झारखंड की तीन सीट और चंडीगढ़ शामिल हैं।

कंगना, पवन सिंह और रवि किशन समेत 4 एक्टर आजमा रहे किस्मत

दांव पर दिग्गजों की साख

आखिरी चरण में वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, हमीरपुर से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, आरा से केंद्रीय मंत्री आर के सिंह, महाराजगंज से केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी, चंदौली से केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, मीरजापुर से केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और जालंधर से पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरण सिंह चन्नी चुनावी मैदान में हैं।

चार एक्टर मंडी से कंगना रनौत, गोरखुपर से रवि किशन व काजल निषाद और काराकाट लोकसभा सीट से पवन सिंह अपनी किस्मत आजमाने चुनावी मैदान में उतरे हैं। इनके अलावा, डायमंड हार्बर से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, पटना की पाटिलपुत्र सीट से राजग सुप्रीमो लालू यादव की बेटी मीसा भारती, गाजीपुर से अफजाल अंसारी और मंडी से विक्रमादित्य सिंह से अपना भाग्य आजमा रहे हैं। बता दें कि ममता बनर्जी और लालू यादव बेशक चुनावी मैदान में नहीं हैं, लेकिन दोनों की साख दांव पर है।

कांग्रेस 1 जून को टीवी डिबेट में नहीं होगी शामिल, एग्जिट पोल को बताया टीआरपी गेम

नई दिल्ली। कांग्रेस 1 जून को होने वाली टीवी डिबेट में शामिल नहीं होगी। पार्टी ने एग्जिट पोल बहस में भाग लेने से साफ मना कर दिया है। कांग्रेस के नेता पवन खेड़ा ने ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने एग्जिट पोल को टीवी मीडिया का टीआरपी गेम बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी 4 जून को होने वाली टीवी डिबेट में शामिल होगी।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने ट्वीट कर बताया कि आगामी एग्जिट पोल बहस में भाग न लेने का कांग्रेस पार्टी ने फैसला किया है। हमारा मानना है कि मतदाताओं ने अपना वोट डाल दिया है और मतदान के नतीजे मशीनों में बंद हो गए हैं। नतीजे 4 जून को आएंगे।

4 जून को फिर से टीवी डिबेट में होंगे शामिल

उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नजर में परिणाम घोषित होने से पहले किसी भी प्रकार की सार्वजनिक अटकलें लगाकर टीआरपी गेम में भाग लेने का कोई औचित्य नहीं है। कांग्रेस पार्टी 4 जून को खुशी-खुशी फिर से बहस में भाग लेगी।

साय सरकार सीख रही छत्तीसगढ़ विकास का मैनेजमेंट

सीएम साय ने कहा-10 साल का विजन कर रहे तय

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर की शुरुआत की। शिविर का उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत के विजन को प्राप्त करने के लिए रणनीति तैयार करना और राज्य के कामकाज में प्रबंधन की नवीनतम तकनीकों को शामिल करना है। राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि चिंतन शिविर में मुख्यमंत्री साय के साथ उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा तथा उनके मंत्रिमंडल के अन्य सहयोगी हिस्सा ले रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि चिंतन शिविर का लक्ष्य विकसित छत्तीसगढ़ के लिए प्रभावी शासन का विकास करना, संसाधनों का अधिकतम उपयोग और योजनाओं के साथ अभिसरण, संगठनों के साथ सूचना और विचारों का आदान-प्रदान, कार्य संस्कृति में प्रेरणा, टीम भावना और जवाबदेही तय करते हुए एक ऐसे इको सिस्टम का निर्माण करना है जिससे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुनिश्चित हो। साथ ही छत्तीसगढ़ की विशिष्टताओं को वैश्विक मंच पर उजागर करना है। अधिकारियों ने बताया कि शिविर के प्रथम सत्र को नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने संबोधित किया। अपने संबोधन में सुब्रमण्यम ने विकसित भारत की संकल्पना और इसे प्राप्त करने की रणनीति के संबंध में विस्तार से अपनी बातें साझा की। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ा है और दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह बनाने में सफल रहा है।

सीएम ने भी किया संबोधित

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार और आईआईएम-रायपुर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'चिंतन शिविर' में राज्य के मंत्री विकसित भारत के विजन को प्राप्त करने और सुशासन की नवीनतम तकनीकों को सीखने के लिए विशेषज्ञों से प्रबंधन के गुर सीखेंगे। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सीखना और क्षमता निर्माण एक सतत प्रक्रिया होनी चाहिए और इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवीनतम प्रबंधन प्रथाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करना और समय की मांग के अनुसार अपडेट होना है।

विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना है

'प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत 2047 बनाने का संकल्प लिया है और इसे पूरा करने की रणनीति बनाई गई है।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी स्केल, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

मिर्जापुर में गर्मी बनी काल, चुनाव ड्यूटी पर आये आठ होमगार्डो समेत 14 मरे

मिर्जापुर। प्रचंड गर्मी और ताप लहरी की मार झेल रहे उत्तरप्रदेश के मिर्जापुर में शुक्रवार को चुनाव ड्यूटी पर आए आठ होमगार्डो समेत 14 लोगों की मौत गई। जबकि 23 अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिसमें दो हालत गंभीर है। शनिवार को यहां लोकसभा चुनाव के सातवें चरण का मतदान होना है। कहा जा रहा है, भीषण गर्मी और लू की वजह से इन होमगार्डो की मौत हुई। मिर्जापुर का तापमान 47 डिग्री पहुंच गया है।

मतदान को लेकर कई जिलों से होमगार्ड चुनावी ड्यूटी के लिए मिर्जापुर बुलाए गए हैं। चुनाव ड्यूटी करने आए 25 होमगार्ड पोलिंग पार्टी रवाना होने से पहले पॉलिटेक्निक मैदान पहुंचे। अचानक इनमें से कई की तबीयत खराब होने लगी। सभी को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान सात होमगार्डो समेत 13 लोगों ने दम तोड़ दिया। 18 होमगार्डो का ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर बीमार होमगार्डो के इलाज में जुटे हैं।सूचना पर मौके पर पहुंची जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने भर्ती मरीजों का हाल जाना।

डॉक्टर्स का कहना है, जब इन जवानों को इलाज के लिए लाया गया था उस वक्त सभी को तेज बुखार था। ब्लड प्रेशर भी बढ़ा हुआ था। अंदेशा है कि इन जवानों की मौत भीषण गर्मी की वजह से हुई है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य आरबी कमल ने बताया, हमारे यहां 13 की मौत हुई है। इनमें सात होमगार्ड, चार सिविल स्टाफ और दो लोग प्रयाग के रहने वाले हैं। एक अज्ञात की मौत हुई है। 23 जवान अभी भर्ती हैं। चार लोग ऐसे आए थे, जिनकी पहले मौत हो चुकी थी।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि आज पोलिंग पार्टियां बूथों के लिए रवाना हुईं, कल वोटिंग है। चुनावी ड्यूटी में अलग-अलग जिलों से आए जवानों की हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिनकी देखभाल मेडिकल कॉलेज के स्टाफ कर रहे हैं। अब तक सात होमगार्डो की मौत हुई है। पोलिंग बूथ पर ड्यूटी कर रहे कर्मियों को पानी ओआरएस के घोल आदि की व्यवस्था की गई है। लोगों को निर्देश दिया गया है कि सावधानी बरतें। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया, चुनाव सम्पन्न कराने के लिए आज रवानगी हुई। इसी दौरान सात होमगार्डो की मौत हो गई। इनमें दो गोंडा, एक प्रयागराज, एक बस्ती, एक कौशांबी और एक मिर्जापुर के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान कृष्णपाल अवस्थी, बच्चाराम, सत्यप्रकाश, श्रीराम जियावन यादव, अविनाश पांडेय, त्रिभुवन सिंह, रामकरन के रूप में हुई है। घरवालों को तत्काल सूचना दे दी गई है। राहत संबंधी कार्रवाई की जा रही है।

वित्त वर्ष 2023-24 में वित्तीय घाटा जीडीपी का 5.63 प्रतिशत रहा

नयी दिल्ली 31 मई (वार्ता) वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार को वित्तीय घाटा 1653670 करोड़ रुपये रहा है जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की तुलना में 5.63 प्रतिशत है जबकि पुनरीक्षित अनुमान में यह 5.8 प्रतिशत था।

वित्त मंत्रालय द्वारा आज यहां जारी आंकड़ों के अनुसार भारत सरकार को 2023-24 के दौरान 27,88,872 करोड़ रुपये की कुल प्राप्तियां रही जो पुनरीक्षित अनुमान का 101.2 प्रतिशत है। इस दौरान सरकार का कुल व्यय 4442542 करोड़ रुपये रहा है जो पुनरीक्षित अनुमान का 98.9 प्रतिशत है। इस तरह से सरकार का वित्तीय घाटा 1653670 करोड़ रुपये रहा है।

सरकार की प्राप्तियों में 23,26,524 करोड़ रुपये कर राजस्व, 4,01,888 करोड़ रुपये गैर-कर राजस्व शामिल है। कर राजस्व और 60,460 करोड़ रुपये गैर-ऋण पूंजी प्राप्तियां। गैर-ऋण पूंजी प्राप्तियों में ऋण की वसूली 27,338 करोड़ रुपये और विविध पूंजी प्राप्तियां 33,122 करोड़ रुपये शामिल हैं। सरकार द्वारा करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 11,29,494 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1,81,088 करोड़ रुपये अधिक है। सरकार द्वारा किया गया कुल व्यय 44,42,542 करोड़ रुपये रहा है जिसमें से 34,94,036 करोड़ राजस्व खाते से और 9,48,506 करोड़ रुपये पूंजी खाते से व्यय किया गया है। कुल राजस्व व्यय में से 10,63,871 करोड़ ब्याज भुगतान में और 4,13,542 करोड़ प्रमुख सब्सिडी के तौर पर हुआ है।

मोदी ने अपने ध्यान के दूसरे दिन विवेकानन्द रॉक मेमोरियल में सूर्य को दिया अर्घ्य

कन्याकुमारी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कन्याकुमारी तट के पास स्थित विवेकानन्द रॉक मेमोरियल में अपने ध्यान के दूसरे दिन शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य (हिन्दू शास्त्र के अनुसार सूर्य को जल अर्पित) दिया।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वीडियो और फोटो साझा की है जिसमें प्रधानमंत्री भगवा चोला पहने भगवान सूर्य की प्रार्थना कर रहे हैं। वह भगवान सूर्य को जल अर्पित करते समय मंत्र पढ़ते नजर आ रहे हैं। फोटो में वह हाथ में रुद्राक्ष की माला और माथे पर तिलक लगाए दिख रहे हैं।भाजपा द्वारा एक्स पर पोस्ट की गई अलग-अलग तस्वीरों में प्रधानमंत्री को ध्यान मंडपम में ध्यान करते और प्रार्थना की माला हाथ में लिए मंडप की परिक्रमा करते हुए भी देखा गया।

उन्होंने देवी कन्याकुमारी को समर्पित '108 शक्ति पीठों' में से एक श्री भगवती अम्मन मंदिर में विशेष प्रार्थना करने के बाद गुरुवार शाम को विवेकानंद रॉक मेमोरियल में अपना ध्यान शुरू किया।

श्री मोदी के अपना ध्यान सत्र पूरा करने के बाद शनिवार को स्मारक के पास एक तमिल संत के प्रसिद्ध तिरुवल्लुवर प्रतिमा का दौरा करने की संभावना है। भाजपा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को भी स्मारक पर श्री मोदी के साथ जाने की अनुमति नहीं दी गयी क्योंकि यह एक आध्यात्मिक यात्रा है। श्री मोदी की यात्रा के मद्देनजर कन्याकुमारी में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

'मेरे प्राण भी चले जाएं तो गम मत करना': सरेंडर से पहले केजरीवाल की भावुक अपील

दिल्ली (दावा)। अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार (31 मई) को कहा कि वो रविवार (2 जून) को सरेंडर करेंगे। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'सुप्रीम कोर्ट ने मुझे 21 दिनों की मोहलत दी थी। कल 21 दिन पूरे हो रहे हैं, परसों (रविवार) हमें सरेंडर करना है, मैं तिहाड़ जेल चला जाऊंगा, मुझे नहीं पता कि कब तक मुझे तिहाड़ जेल में रखेंगे।

पर मेरे हौसले बुलंद हैं, देश को तानाशाही से बचाने के लिए जेल जा रहा हूं।'' अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'दिन में चार बार इन्सुलिन के इंजेक्शन लगते हैं, जेल में इन्होंने कई दिन तक मेरे इंजेक्शन बंद कर दिए, शुगर 300-325 तक पहुंच गए। इतने दिन तक शुगर इतनी हाई रहती है, तो किडनी और लीवर खराब हो जाते हैं, पता

नहीं ये क्या चाहते थे, ऐसा क्यों किया।

मेरा वजन कम हो गया- केजरीवाल

उन्होंने कहा, 'जेल में मैं 50 दिन था और इन 50 दिनों में मेरा 6 किलो वजन कम हो गया, जब मैं जेल गया तो मेरा वजन 70 किलो का था, आज 64 किलो है। जेल से छूटने के बाद भी मेरा वजन नहीं बढ़ रहा है। डॉक्टर कह रहे हैं कि शरीर में कोई बड़ी बीमारी हो सकती है, कई टेस्ट करने पड़ सकते हैं। यूरीन में कीटोन लेवल बहुत ज्यादा हो चुका है।' सीएम केजरीवाल ने कहा, 'परसो मैं सरेंडर करूंगा, उसके लिए लगभग दोपहर 3 बजे अपने घर से निकलूंगा, हो सकता है इस बार ये मुझे और ज्यादा प्रताड़ित करें। लेकिन मैं झुकूंगा नहीं, आप अपना ख्याल रखना, मुझे जेल में आपकी बहुत चिंता रहती है. आप खुश रहेंगे तो आपका केजरीवाल भी खुश रहेगा। मैं बेशक आपके बीच नहीं रहूंगा, लेकिन आप चिंता मत करना, आपके सारे काम चलते रहेंगे, मैं चाहे जहां रहूं अंदर रहूं बाहर रहूं, दिल्ली के काम नहीं रुकने दूंगा।'

1000 रुपये पर किया ये दावा

उन्होंने कहा, 'आपकी फ्री बिजली, मोहल्ला क्लीनिक, अस्पताल, फ्री दवाई, इलाज, महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा, 24 घंटे बिजली और भी सारे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

कांग्रेस ने एग्जिट पोल का हिस्सा बनने से किया मना, जेपी नड्डा ने कहा- कांग्रेस ने स्वीकार ली हार

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने 1 जून को होने वाले एग्जिट पोल में हिस्सा ना बनने का फैसला लिया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस के इस फैसले की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने नतीजों से पहले ही हार मान ली है, इसलिए सातवें चरण में इन पर वोट बर्बाद न करें।

उन्होंने कहा कि सातवें चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर एग्जिट पोल में भाग न लेने का कांग्रेस का निर्णय इस बात की स्पष्ट पुष्टि करता है कि कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव स्वीकार कर लिए हैं। यह आश्चर्य की बात नहीं है, क्योंकि कांग्रेस आम तौर पर उस समय चुनाव से बाहर हो जाती है, जब उसे नतीजे अपने पक्ष में आने की उम्मीद नहीं होती है। उनका पाखंड किसी को भी हजम नहीं होता है। सातवें चरण में कोई भी उन पर अपना वोट बर्बाद न करें। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक चिंताजनक दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति कांग्रेस की नापसंदगी है, जिसमें 960 मिलियन से अधिक आकांक्षाओं की भागीदारी देखी गई। जब भारतीय अपने नेता का चुनाव कर रहे थे, जो उनका नेतृत्व करेंगे, उनके जीवन में सुधार करेंगे, अवसर और समृद्धि लाएंगे, तब कांग्रेस उस संस्थागत प्रक्रिया को कमजोर करने के लिए काम कर रही थी। चुनाव जीतने पर कांग्रेस ने ध्यान नहीं लगाया। वह बार-बार चुनावी प्रक्रिया को खराब करने में लगी रही। उसने बार-बार चुनाव प्रक्रिया के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

भारत के संस्थानों के खिलाफ करते हैं काम

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का ईको सिस्टम भी हमारे संस्थानों और प्रक्रिया में लोगों के विश्वास को कम करने की सभी प्रयास करता है। वे सर्वोच्च न्यायालय को निशाना बनाते हैं। उन न्यायाधीशों को निशाना बनाते हैं, जो उनकी पसंद के अनुसार आदेश नहीं देते हैं। पत्रकारों पर हमला करते हैं, जो उनके चीयरलीडर्स बनने से इनकार करते हैं। भारत के चुनाव आयोग को कलंकित करते हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

हम दो.... हमारे बारह फिल्म के खिलाफ मुस्लिम संगठन ने खोला मोर्चा

फिल्म में नफरत फैलाने का आरोप... कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। पूरे देश भर में आगामी 7 जून से रिलीज होने वाली फिल्म 'हम दो-हमारे बारह' को लेकर मुस्लिम संगठनों में इसके खिलाफ में मोर्चा खोल दिया गया है। मुस्लिम संगठनों द्वारा कहा जा रहा है कि उक्त फिल्म समाज में नफरत फैलाने का काम रही है। मुस्लिम समाज को बदनाम करने के उद्देश्य से झूठी और बेबुनियाद बात को लेकर सत्य से परे इस फिल्म का निर्माण किया गया है। इससे समाज में गहरा रोष व्याप्त है।

फिल्म के बारे में यह भी आरोप है कि हम दो-हमारे बारह फिल्म में मुस्लिम के पवित्र ग्रंथ कुरआन के आयतों का गलत मतलब निकाला गया है। इससे इस्लाम धर्म के मानने वाले करोड़ों मुस्लिम लोगों की भावना को ठेस पहुंचाने का काम किया गया है। कुरआन का हवाला देकर मुस्लिम मां-बहने व अन्य महिलाओं के बारे में अमर्यादित टिप्पणी किया गया है। उन्हें अपमानित किया गया है। इससे रोष में आए शहर के जामा मस्जिद इंतेजामिया कमेटी द्वारा उक्त फिल्म का विरोध करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। बता दे कि 'हम दो-हमारे बारह' नामक कमल चन्द्रा द्वारा निर्देशित फिल्म अभी टाकिजों में नहीं लगी है। यह आगामी 7 जून को रिलिज होने वाली है। वर्तमान में इसका ट्रेलर दिखाया गया है जिसे देखकर मुस्लिम समाज के लोगों का पारा चढ़ गया है। और इस फिल्म को मुस्लिम समाज को बदनाम करने वाला फिल्म बताकर इसके विरोध में उत्तर गए है। इस सम्बंध में जामा मस्जिद इंतेजामिया कमेटी के अध्यक्ष रईस अहमद शकील, सचिव अब्दुल रसीद खान के अलावा तनवीर अहमद वसीम झाडोदिया, मोहम्मद फारूख, मो. इब्राहिम (मुन्ना), जाकिर हुसैन अंसारी आदि सहित शहर के सभी मस्जिदो के मौलवियों की उपस्थिति में डिप्टी कलेक्टर के हाथो ज्ञापन सौंपा गया।कमेटी के अध्यक्ष श्री शकील ने बताया कि जब हम सब मुस्लिम समाज के लोग ज्ञापन सौंपने गए थे। तब कलेक्टर, एसडीएम व अन्य वरिष्ठ अधिकारी लंच के लिए चले गए थे। बाद में कलेक्टर के कहने पर डिप्टी कलेक्टर के हाथो कमेटी का ज्ञापन सौंपा गया।

रिलीज रोकने की मांग

जामा मस्जिद इंतेजामिया कमेटी के सदर रईस अहमद शकील के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में फिल्म 'हम दो-हमारे बारह' को रिलीज होने से रोकने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस फिल्म में फिल्म के डायरेक्टर कमल चन्द्रा ने देश की एकता अखण्डता एवं समाज के वातावरण को दूषित करने का पूरा प्रयास किया है। इस फिल्म के द्वारा समाज में अशांति फैलाने की साजिश की गई है। जामा मस्जिद इंतेजामिया कमेटी द्वारा सरकार व सेंसर बोर्ड सहित प्रशासन से अपील की गई है कि इस फिल्म को रिलीज होने न दें। यदि फिल्म रिलीज होती है तो कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

ज्ञापन की प्रति पीएम नरेन्द्र मोदी से लेकर भारत के प्रधान न्यायाधीश, अध्यक्ष फिल्म सेंसर बोर्ड व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को प्रेषित कर दी गई है। कहा गया है कि यदि उक्त फिल्म रिलीज होगी तो मुस्लिम समाज द्वारा टाकिज के सामने बैठकर विरोध स्वरूप आन्दोलन किया जाएगा।

गौवंश अभ्यारण की घोषणा का बजरंग दल प्रदेश गौ रक्षा प्रमुख ने किया स्वागत

रजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की सड़कों पर खुलेआम घूम रही गायों की सुरक्षा और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए वर्तमान विष्णुदेव सरकार राज्य में गौ अभ्यारण्य योजना ला रही है। सीएम विष्णु देव साय ने इस संबंध में कार्ययोजना तैयार करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रदेश में गौ अभ्यारण्य बनाने की घोषणा पर बजरंग दल गौ रक्षा के प्रांत प्रमुख प्रशांत दुबे ने समस्त हिंदू सगठनों की ओर से मुख्यमंत्री को बधाई और धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मुझे यह बताते हुए अत्यंत खुशी हो रही है, सरकार ने सड़कों पर घूम रही गायों की सुरक्षा, देखभाल और संरक्षण के लिए गौ अभ्यारण्य बनाएगी, इससे निश्चित रूप से सड़कों पर भूखी-प्यासी घूम रही गायों को नियमित चारा-पानी, देखभाल और चिकित्सा सुविधा मिलेगी और सड़क दुर्घटनाओं पर भी रोक लगेगी। साथ ही उन्होंने पूर्व में जारी की गौ वंशो योजनाओं की समीक्षा की ओर ध्यान देने की बात कही।

राजनादगांव गौरक्षा के जिला प्रमुख अंशुल कसार ने कहा कि प्रदेश के समस्त गौसेवक श्री साय की गौसेवा योजनाओं के साथ है, हमारा लक्ष्य छत्तीसगढ़ में गौ माताओं को स्वस्थ्य जीवन के साथ बेहतर माहौल उपलब्ध कराना है। दिन-रात गौसेवक अपने निजी कार्यो को छोड़ गौवंशों और मुक प्राणियों को हरसंभव अपनी सेवाएं प्रदान करते है, प्रशासन भी गौसेवकों को हर संभव सहायता प्रदान करें।

पहला कॉलम...

हेमलता वर्मा ने 88.33 अंक प्राप्त किया

डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के ग्राम ढारा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढारा की छात्रा हेमलता वर्मा पिता जीवन वर्मा माता श्रीमती कौशल्या बाई वर्मा ने कक्षा 12 में वाणिज्य संकाय में 88.33 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला एवं गांव का नाम रोशन किया उनकी इस उपलब्धि पर शाला प्राचार्य भारद्वाज एवं शिक्षकों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

आज भाजपा मतगणना एजेंटों का प्रशिक्षण

राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा कार्यालय में आज दिनांक 1 जून को सुबह 10 बजे मतगणना अभिकर्ताओं के प्रशिक्षण का कार्यक्रम रखा गया हैं। जी.ई.रोड स्थित पार्टी कार्यालय के ऊपर हॉल में यह आयोजन होगा। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि मतगणना के दौरान पार्टी अभिकर्ताओं को होने वाली कठिनाइयों व परेशानियों तथा आवश्यक जानकारी का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस आयोजन में राजनांदगांव जिला, खैरागढ़ जिला व मोहला-मानपुर-चौकी जिले के भाजपा के गणन अभिकर्ता उपस्थित रहेंगे। इस प्रशिक्षण के कार्य का वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश एच.लाल. संपादन करेंगे। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहने वाले है।

कल तैराकी स्पर्धा

राजनांदगांव (दावा)। खेल प्रतिभाओं को निखारने एवं उन्हें एक अलग पहचान दिलाने स्थानीय अक्षांश पूल्स इंटर नेशनल स्वीमिंग द्वारा दो जून 2024 को अक्षांश स्वीमिंग काम्पीटिशन का आयोजन किया गया है। संस्था के मैनेजर यशवंत सिन्हा ने बताया कि प्रतियोगिता चार श्रेणियों में होगी। प्रथम 6 से 10 वर्ष, द्वितीय 11 से 16 वर्ष, तीसरी 17 से 25 वर्ष तथा चतुर्थ 25 वर्ष से ऊपर रहेगी। रेस की दूरी 25 मीटर, 50 मीटर तथा 100 मीटर निर्धारित हैं। प्रतियोगिता 2 जून को सुबह आठ बजे प्रारंभ होगी। सभी इवेन्ट में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। स्पर्धा में भाग लेने हेतु प्रवेश शुल्क 99 रू. रखा गया है। प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी एवं पंजीयन हेतु मो. 6260473674 एवं 8770440096 पर संपर्क किया जा सकता है।

शासकीय हाईस्कूल बजरंगपुर नवागांव का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड परीक्षा में शासकीय हाईस्कूल बजरंगपुर नवागांव का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। संस्था का परीक्षा परिणाम 91 प्रतिशत रहा। संस्था से 45 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिनमें से 14 प्रथम श्रेणी, 24 द्वितीय श्रेणी एवं 3 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 2 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण एवं 2 विद्यार्थी पूरक प्राप्त हुआ। संस्था के राजीव देवांगन ने 90.6 प्रतिशत के साथ प्रथम, तारिणी देवांगन ने 78.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संस्था के प्राचार्य श्रीमती ममता झा एवं समस्त व्याख्याताओं ने विद्यार्थियों को सफलता के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

स्कूल में बच्चों का बौद्धिक, शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास होना चाहिए - कलेक्टर

नये शिक्षण सत्र शुरू होने के पहले सभी बच्चों को मिले पाठ्यपुस्तक, गणेवश एवं सायकल

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शाला उत्सव एवं शिक्षण कार्यो के संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि स्कूल पठन-पाठन, अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ खेल कूद और अन्य पाठ्यक्रम सहगामी क्रियाओं का केन्द्र होना चाहिए। स्कूलों में शिक्षक ऐसा वातावरण बनाये जैसे पहले गुरूकुल में हुआ करता था।

- स्कूलों में रहे स्वच्छ और सकारात्मक वातावरण
- स्कूलों में वृक्षारोपण एवं किचन गार्डन विकसित करने के लिए कहा

स्कूल में बच्चों का बौद्धिक, शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास होना चाहिए। बच्चों एवं शिक्षकों में रचनात्मक गतिविधियां बहुत होती है इसे स्कूलों में करने कहा। बच्चों को अपने आस-पास के वातावरण को कैसे साफ-सफाई एवं स्वच्छ रखें इसकी जानकारी देनी चाहिए। स्कूलों में स्वच्छ वातावरण बनाएं जिससे सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न हो। उन्होंने स्कूलों में सकारात्मक वातावरण बनाने कहा। उन्होंने स्कूलों में नियमित अभिभावकों की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, वृक्षारोपण, खेत का पानी खेत में ही रूके, गांव का पानी गांव में ही रूके, फसल चक्र करना, कम पानी वाली फसलों का उपयोग करने जैसे बातों को बच्चों को बताने कहा। जिससे बच्चों का ज्ञान बढ़ेगा और उनके जीवन में काम आएगा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि नये शिक्षण सत्र शुरू होने के पहले सभी बच्चों को पाठ्यपुस्तक, गणेवश एवं सायकल मिल जानी चाहिए। जिससे बच्चे को शुरू से ही पढ़ाई करने में आसानी हो सके। उन्होंने कहा कि पर्यावरण में परिवर्तन होते जा रहा है। इसके लिए जल संरक्षण एवं संवर्धन, वृक्षारोपण, फसल चक्र, कम पानी लगने वाली फसलों को प्रोत्साहित करना एवं उपयोग करने कहा और बच्चों को इसके संबंध में शिक्षा भी देना है। उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूलों के शिक्षक एवं शासकीय हॉस्पिटल के डाक्टरों में अनुभव और ज्ञान बहुत होता है। इसका सही तरीके से उपयोग करने की जरूरत है। स्कूलों में संसाधनों की कमी नहीं है इसका सही तरीके से उपयोग करने की जरूरत है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के शासकीय स्कूलों में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करने कहा।

सभी स्कूलों में ग्रीन स्कूल की तर्ज पर वृक्षारोपण करने कहा और इसके साथ जल संरक्षण के उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए कार्ययोजना बनाकर देने कहा। जिससे पानी का संरक्षण किया जा सके। उन्होंने महिला एवं विकास विभाग के अधिकारियों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए बच्चों का चिन्हांकन उन्हें पौष्टिक आहार नियमित प्रदान करने कहा। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने सभी शासकीय स्कूलों भौतिक जानकारी भेजने कहा। जिससे वहां की जरूरतों को पूरा किया जा सके।

उन्होंने जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए रैन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए प्लान करने कहा। जिससे बारिश एवं वेस्टेज पानी का संरक्षण कर सके। उन्होंने स्कूलों के बच्चों को ओडीएफ मित्र बनाने कहा। उन्होंने कहा कि स्कूलों में वृक्षारोपण करना है, जिसके लिए प्लान करने कहा। वृक्षारोपण के लिए पौधे उपलब्ध कराए जा सके। इसके साथ किचन गार्डन विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में आहाता निर्माण, मैदान समतलीकरण जैसे आधारभूत संरचनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने कहा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, सहायक संचालक आदित्य खरे, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता श्रीमती रश्मि सिंह, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहारे सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मेहत्तरराम यादव का निधन

सुरगी (दावा)। समीपस्थ ग्राम भरदाकला (अर्जुन्दा) के सुप्रसिद्ध व्याख्याकार,तबला वादक, गायक, कवि मेहत्तरराम यादव (एम.आर. यादव) का 76 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार 31 मई भरदाकला के मुक्तिधाम में किया गया।

उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन के साथ ही मानस क्षेत्र, कला एवं साहित्य क्षेत्र से जुड़े लोग सम्मिलित होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा को मानस व्याख्या कर हरभजन सिंह भाटिया सुरगी, भरदाकला के पूर्व सरपंच क्रांति भूषण साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक, उद्घोषक, मानस टीकाकार कृष्ण कुमार तिवारी भरदाकला, भजन प्रसाद अवस्थी भरदाकला, सत्यम शिवम सुंदरम मानस परिवार भरदाकला के संचालक एवं गायक कामता प्रसाद सिन्हा एवं साहित्यकार ओमप्रकाश साहू अंकुर ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय एम. आर. यादव बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वह मानस के कुशल व्याख्याकार के साथ ही एक अच्छे नाचा कलाकार, तबला वादक,गायक एवं कवि थे। वे मानस के क्षेत्र में बालोद जिले के पितामह थे। उन्होंने मानस मंचों में अपनी एक विशिष्ट शैली से लोगों को अत्यधिक प्रभावित किया।

मानस के माध्यम से लोगों को जहां सीख देते थे वही प्रसंगानुरुप उदाहरण देते हुए वर्तमान परिप्रेक्ष्य से जोड़ते हुए स्वस्थ मनोरंजन भी करते थे ।वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपनी प्रतिभा से भरदा कला का नाम पूरे छत्तीसगढ़ में रोशन किया। उनका निधन एक अपूर्णीय क्षति है।

वरिष्ठ क्षेत्र सहायक रामसिंह यादव को दिए विदाई

राजनांदगांव (दावा)। मार्केफेड के धान संग्रहण केंद्र ठेलकाडीह एवं खाद गोदाम पचपेड़ी में कार्यरत वरिष्ठ क्षेत्र सहायक राम सिंह यदु का मार्केफेड में कार्य करते हुए 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 31 मई दिन शुक्रवार को जिला विपणन कार्यालय खैरागढ़ में लेखापाल आलोक टोप्पो, वरिष्ठ क्षेत्र सहायक अनिल मिश्रा, वरिष्ठ सहायक अनिल साहू, क्षेत्र सहायक विजेंद्र सिंह राज, सहायक प्रोग्रामर महेंद्र डहारे, ऑपरेटर जितेंद्र गुप्ता, चंद्र शेखर, आसुदेव साहू, डोमन यदु, नोहर वर्मा, घनश्याम साहू, लक्ष्मी साहू, लक्ष्मण साहू, भुनेश्वर मेश्राम, बंशी जांगड़े, घांसीराम सिन्हा, चित्रेश नायडू, भूषण वर्मा, धनीराम वर्मा, हमाल संघ मुकर्दम परस राम कुर्रे, विदाई समारोह कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ क्षेत्र सहायक अनिल मिश्रा द्वार यदु सर के मार्केफेड में कार्य अवधी का जानकारी देते हुए कहा की राम सिंह यदु 1982 से मार्केफेड में नियक्ति हुई, और मार्केफेड की संघर्ष भरी नौकरी को कुशलता पूर्वक संपन्न किया।

सर्वप्रथम लेखपाल आलोक टोप्पो द्वारा रामसिंह यदु को तिलक एवं पुष्पगुच्छ साल एवं श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, तत्पश्चात उपस्थित कर्मचारियों ने तिलक लगाकर आगे के जीवन सुखमय पूर्वक व्यतीत करने की शुभकामनाएं दी है।

वृक्ष गंगा ग्रुप की बैठक 3 जून को

राजनांदगांव (दावा)। शहर को हरा-भरा बनाने हेतु 03 जून दिन सोमवार अग्रसेन भवन भरकापारा काली माई मंदिर के पास में एक आवश्यक बैठक रखी गई। जिसमें नगर के जो महिला एवं पुरूष, प्रतिनिधि वृक्षारोपण में रूचि रखते हैं वे इस बैठक में उपस्थित होने की अपील ग्रुप की है। कृपया राजनांदगांव शहर से अंतिम विदाई के समय जो प्रकृति माँ से जो लकड़ी लगेगी उसकी व्यवस्था करने हेतु को वृक्षारोपण कर अपना ऋण धरती माँ को चुकाने की हेतु इस कार्य में उपस्थित होकर सहयोग प्रदान करें।

कबड्डी संघ द्वारा ग्रीष्मकालीन कबड्डी प्रशिक्षण 15 जून तक

राजनांदगांव (दावा)। जिला कबड्डी संघ द्वारा पिछले डेढ़ महीने से ग्रीष्मकालीन कबड्डी कैंप बालक एवं बालिका का कमला कॉलेज ग्राउंड में प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षक ललित कुमार साहू राष्ट्रीय कोच के नेतृत्व में चलाया जा रहा है।

ज्ञात हो कि खेल विभाग के द्वारा समर कैंप का समापन हो चुका है। समर कैंप का सर्टिफिकेट आज प्रशिक्षणार्थियों को वितरण किया गया। सभी खिलाड़ियों को कबड्डी संघ के कोच के द्वारा शर्ट और निकर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष के हाथों वितरण किया गया। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ का समर कैंप आगामी 15 जून तक चलेगा। जिले में कमला कॉलेज स्थित ग्राउंड पर 50 बच्चों ने प्रशिक्षण का लाभ लिया एवं डोंगरगढ़ नेहरू कॉलेज में हरीश साहू, तुलसी मांडवी तथा रोहित पड़ोती के नेतृत्व में 60 बच्चों के द्वारा जिसमें लड़के-लड़कियां दोनों शामिल हैं। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-7-9
400-4 178-6
राजधानी
2-4-6
459-8 227-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र ग्रुप गणितज्ञ ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर फलना मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

एनसीसी कैडेटों ने धूम्रपान निषेध दिवस पर निकाली जागरुकता रैली

राजनांदगांव (दावा)। कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक कुमार 38 छ.ग. एन.सी.सी. बटालियन राजनांदगांव के निर्देशन में 31 मई को धूम्रपान निषेध दिवस के मनाया गया।

इस अवसर पर स्थानीय स्टेट हाईस्कूल के जूनियर डिविजन के एन.सी.सी. कैडेट के बीच स्थानीय स्टेट हाईस्कूल के पूर्व एन.सी.सी. अधिकारी जी.डी. वैष्णव मुख्य अतिथि रहे। मुख्य अतिथि ने धूम्रपान के विषय पर विस्तृत जानकारी के साथ शरीर पर होने वाली बीमारी से अवगत कराया तथा कैडेटों को एकता और अनुशासन का प्रहरी रहते हुए समाज में इस विषय पर जागरुकता लाने की अपील की।

स्टेट स्कूल के एन.सी.सी. अधिकारी सुनील भागवत ने धूम्रपान निषेध दिवस के साथ-साथ मध्यभारत में फैली सिकलसेल बीमारी के लक्षण, कारण एवं उपाय की जानकारी देकर कैडेटों को उक्त विषय पर समाज में जागरूकता हेतु प्रतिज्ञा दिलाई। साथ ही कैडेटों ने नगर में रैली निकालकर जनजागरण किया।

छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा)

पक्षकार छ.ग. रेरा, शास्त्री चौक
जिला-रायपुर (छ.ग.) ..... आवेदक

बनाम

प्रमोटर-जयदेव वेन्चर्स, द्वारा श्री देवव्रत सिंह,
पता - कमल विलास पैलेस, खैरागढ़
जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)

प्राधिकरण का प्रकरण क्रमांक- SM-EXP-2024-02318) (प्रोजेक्ट जयदेव वेन्चर्स, खैरागढ़ जिला-खैरागढ़) .....अनावेदक सूचना तामिली पक्षकार जयदेव वेन्चर्स, द्वारा श्री देवव्रत सिंह, पता-कमल विलास पैलेस, खैरागढ़, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.) को प्रकरण में सुनवाई हेतु उपस्थिति के लिए सूचना तामिली हेतु।

-00-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तरवादी प्रमोटर-जयदेव वेन्चर्स, द्वारा श्री देवव्रत सिंह, पता-कमल विलास पैलेस, खैरागढ़, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.) के विरूद्ध छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा), रायपुर के समक्ष अधिनियम की धारा 59 के अधीन संधारित क्रमशः प्रकरण क्रमांक-SM-EXP-2024-02318 है। उत्तरवादी को दस्तावेज में उल्लेखित पते पर सूचना पत्र (नोटिस) प्रेषित किया गया था, जो कि अदम तामिल प्राप्त हुए है।

अतएव उक्त परिवाद में आगामी सुनवाई तिथि **05/06/2024** को प्रातः 11.00 बजे नियत किया गया है। आप उक्त तिथि में नियत समय पर छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा), शास्त्री चौक, रायपुर (छ.ग.) के समक्ष स्वयं अथवा विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए उत्तरवादी स्वतः जवाबदार होंगे।

आज दिनांक **29/05/2024** को मेरे हस्ताक्षर एवं प्राधिकरण के पदमुद्रा से जारी किया गया।

(मान. प्राधिकरण द्वारा आदेशित)

(यामिनी पाण्डेय गुप्ता)
रजिस्ट्रार छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण, रायपुर

संवाद- 40256/3

बिजली का दामों बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस का बड़ा आरोप

200 से 300 रुपया बढ़ोतरी करने और हाफ बिजली योजना को..

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में बिजली के दामों में बढ़ोतरी की अटकलो के बीच अब कांग्रेस भाजपा सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस बिजली के दामों में बढ़ोतरी को लेकर सरकार की नियत पर सवाल खड़े कर रही है। कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा है कि भाजपा सरकार ना सिर्फ बिजली के दामों में बढ़ोतरी करने वाली है, बल्कि भाजपा सरकार की मंशा हाफ बिजली योजना को बंद करने की भी है। धनंजय सिंह ठाकुर ने भाजपा की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं।

बिजली के दामों में 20 प्रतिशत बढ़ोतरी करने का कांग्रेस ने आरोप लगाया है। कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा है कि बिजली के दाम में बढ़ोतरी महंगाई से पीड़ित जनता के ऊपर कुठाराघात है। सरकार जनता को पर्याप्त बिजली नहीं दे पा रही है।

लेकिन जनता से पैसा वसूलने के लिए दाम बढ़ा रही है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि गर्मी में नहीं मिल रहा पर्याप्त बिजली, लो वोल्टेज और बिजली कटौती आम बात हो गई है।

घरेलू उपभोक्ताओं को हर माह 200-300 रुपए तक का भार पड़ेगा। बीजेपी सरकार की मंशा बिजली बिल हाफ योजना को बंद करना है।

राज्य विद्युत वितरण कंपनी के प्रस्ताव व जनसुनवाई के बाद राज्य विद्युत नियामक आयोग अगले महीने नई दरें जारी कर सकता है। राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने 4,420 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय की जरूरत बताते हुए 20 प्रतिशत तक टैरिफ में वृद्धि का प्रस्ताव दिया है। चुनावी साल की वजह से बीते वर्ष बिजली की नई दरें लागू नहीं की गई थीं, लेकिन इस बार नई दरें लागू करने की तैयारी है।

इसका असर ज्यादातर उद्योग-व्यापार क्षेत्र में आ सकता है। उद्योगपतियों ने जनसुनवाई में अपना पक्ष रखा है। संगठनों की मांग है कि विभाग को पहले लाइन लास कम करने की रणनीति बनानी चाहिए, ताकि विद्युत दरें बढ़ाने की आवश्यकता ना पड़े। बिजली दरें बढ़ने से महंगाई बढ़ेगी।

बेमेतरा ब्लास्टः एक मृतक और 8 लापता लोगों के परिजनों को स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड कंपनी देगी 35-35 लाख रु.

बेमेतरा। बेमेतरा जिले के बेरला थाना क्षेत्र के तहत ग्राम पिरदा में बीते 25 मई शनिवार की सुबह 7.50 बजे स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड कंपनी के फैक्टरी में ब्लास्ट हो गया था। घटना में एक की मौत, सात घायल और आठ लोग लापता हैं। कंपनी के बाहर आज शुक्रवार को एक बार फिर से ग्रामीणों व परिजनों का धरना प्रदर्शन कर रहे थे। इन लोगों की मांग 50 लाख रुपए मुआवजा थी। इस चर्चा के बाद प्रदर्शन खत्म कर दिया है।

जानकारी के अनुसार अब कंपनी की ओर से एक मृतक व 8 लापता हुए लोगों के परिवार को 35-35 लाख रुपए दिया जाएगा। इसके अलावा घायलों का कंपनी की ओर से उपचार कराया जाएगा। साथ ही उन्हे 50-50 हजार रुपए भी दिए जाएंगे। वर्तमान में कंपनी की ओर से प्रति व्यक्ति 35 लाख रुपए व राज्य सरकार की ओर से 5 लाख रुपए मिलेंगे। यानि एक व्यक्ति को 40 लाख रुपए मिलेंगे। हादसे के बाद लापता श्रमिकों को मलबे में खोजने की कोशिश की गई। लेकिन, मलबे से मानव अंग और उनके मांस के लोथड़े पॉलिथीन में इकट्ठा कर बेमेतरा प्रशासन ने रायपुर मेडिकल कॉलेज में डीएनए के लिए भेजा है। अब परिजनों को डीएनए रिपोर्ट का इंतजार है, जिससे कि वे अंतिम संस्कार कर सकें। हालांकि, ग्राम बोरसी में एक परिवार ने लापता हुए व्यक्ति का कुश बनाकर बीते सोमवार को अंतिम संस्कार कर दिया है।

जिला सतनामी सेवा समिति की साधारण सभा 9 जून को

राजनांदगांव (दावा)। छ.ग. सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 एवं नियम 1998 तथा समिति नियमावली 10 अ का परिपालन करते हुए जिला सतनामी सेवा समिति 5041 राजनांदगांव का साधारण (आम) सभा का आयोजन दिनांक 09 जून दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से रखा गया है। इस आयोजन के संबंध में जिला सतनामी सेवा समिति के अध्यक्ष सूर्य कुमार खिलाड़ी ने बताया कि इस आयोजन में सभी सम्माननीय सरंक्षक सदस्य, आजीवन सदस्य, सक्रिय सदस्य तथा जिला कार्यकारिणी तथा ब्लॉक प्रमुखों (राजनांदगांव, छुरिया, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ तथा घुमका) के सभी सदस्यगण सादर आमंत्रित है।

प्रमुख एजेण्डा निम्नानुसार प्रस्तावित है, 1. समिति का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत करना। 2. समिति का वर्षवार आय-व्यय पत्रकों को ऑडिट पश्चात स्वीकृत करना। सत्र 2019-20, 2020-21, 2021-2022, 2022-23, 2023-24। 3. समिति की आगामी निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी से अवगत कराना। 4. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य आवश्यक विषय पर चर्चा प्रस्तावित है। यह सभा मिनीमाता न्यू सांस्कृतिक भवन, राजनांदगांव में आयोजित है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी तामेश्वर बंजारे ने दी।

उच्चतम न्यायालय द्वारा विशेष लोक अदालत का आयोजन 29 जुलाई से 3 अगस्त तक

राजनांदगांव (दावा)। उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा विशेष लोक अदालत का आयोजन 29 जुलाई से 3 अगस्त तक किया जा रहा है। जिसमें उच्चतम न्यायालय में लंबित देशभर के ऐसे प्रकरण जिनकी अपील, रिविजन, रिट इत्यादि की सुनवाई करते हुए प्रकरण का निराकरण आपसी सुलह व राजीनामा द्वारा किया जाएगा।

उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित मामले को भी विशेष लोक अदालत के लिए चिन्हांकित किया गया है। राजनांदगांव जिले के पक्षकारों को नोटिस जारी कर प्री-सीटिंग की कार्रवाई जारी है।

जिसके तहत पक्षकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के कार्यालय में उपस्थित होकर प्री-सीटिंग कर अपने मामलों का निराकरण आपसी सहमति बनाते हुए आयोजित विशेष लोक अदालत में विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से सम्मिलित होकर अपने मामले का निराकरण करा सकते हैं। उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में लंबित कोई भी पक्षकार 29 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित विशेष लोक अदालत का लाभ ले सकते है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव में संपर्क कर अपने मामले का निराकरण कराने में सहायता ले सकते हैं। विशेष लोक अदालत के माध्यम से उच्चतम न्यायालय सबके लिए शीघ्र एवं सुलभ न्याय दिलाने की ओर अग्रसर है।

टिम्बर मिल में लगी आग, लाखो की लकड़िया जलकर खाक

रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के रायपुर में गुरुवार की सुबह भनपुरी के टिंबर मील में आग लग गई। बताया जा रहा है कि लकड़ी के दरवाजे बनाने वाली फैक्ट्री में धूप में रखे लकड़ियों में आग लग गई। देखते ही देखते आग इतनी फैल गई कि सारी लकड़ियां जलकर राख हो गई। मामला खमतराई थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि इस आगजनी में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने की वजह बताई जा रही है। खमतराई थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

अब तक नुकसान का आंकलन नहीं किया जा सका है।

कार्य जनोपयोगी एवं सार्थक हो इसका विशेष ध्यान रखे - सुश्री सुरुचि सिंह

० सीईओ जिला पंचायत द्वारा बैठक में विस्तृत समीक्षा कर कड़े निर्देश दिये गये
० चालू एवं प्रगतिरत कार्यों के लिए समय-सीमा निर्धारित किया गया

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के सभी जनपदों के अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सीईओ जिला पंचायत ने सहायक परियोजना अधिकारी कौशल विकास के साथ मिलकर चयनित हितग्राहियों को मांग अनुसार ट्रेनिंग प्लान तैयार करने निर्देश दिया गया। समूह की महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए तथा उन्हें महिला उद्यमी के तौर पर स्थापित करने के लिए कार्य करने कहा। साथ ही संबंधित एसडीएम के साथ बैंकों का भ्रमण कर ऋण प्रकरण स्वीकृत कराने कहा गया। बैंक लिकेंज की स्थिति संतोषजनक नहीं पाये जाने पर योजना की प्रगति हेतु विशेष प्रयास करने कड़े निर्देश दिये।

जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि जिन ग्रामों में सोख्ता गड्ढा का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, उसे बारिश के पहले हर हाल में पूर्ण कराने निर्देश दिए। जिन सरपंचो व सचिवों द्वारा कार्यों में रूचि नहीं ली जा रही है, उन सरपंचों को अलग-अलग तिथियों में समक्ष उपस्थित कराने निर्देशित किया गया। एसडीओ आरईएस को कार्य मे विशेष रूचि लेते हुये मौके मे जाकर निर्माण कार्य की स्थिति से अवगत कराने निर्देश दिया गया। साथ ही बैठक में अमृत सरोवर का निर्माण जन-उपयोगी एवं सार्थक हो इसका विशेष ध्यान रखने निर्देश दिया गया। बैठक में जिला पंचायत एवं जनपद स्तर के सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

युवाओं को नौकरी करने के बारे में नहीं सोचना चाहिए, बल्कि उन्हें नौकरी देने वाला बनना चाहिए : प्रकाश तिवारी

राजनांदगांव(दावा)। साहित्य और शिक्षा राजनांदगांव जिले की पहचान है। यहां की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी कलकल करती हुई बहती है और लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। इसके साथ ही यहां की आबो हवा में साहित्य और शिक्षा की धारा निरन्तर प्रवाहित होती है। आज हम बात करने जा रहे हैं कामर्स के प्रसिद्ध नवाचारी शिक्षक प्रकाश तिवारी के बारे में जो अकाउंट्स विषय को विशेष शैली में पढ़ाने के कारण विद्यार्थियों के बीच काफी लोकप्रिय हो गए हैं, उनका अथर्व एकेडमी नाम से एक कोचिंग संस्थान भी है जहां से छात्रों को अकाउंट्स से संबंधित डाउट्स आसानी से क्लियर होता हैं।

प्रकाश तिवारी कहते हैं कि, मुझे 24 जून 2015 का दिन बहुत अच्छे से याद है जब हमने अपने दोस्तों के साथ मिलकर इस एकेडमी की नींव रखी थी। मैंने दोस्तों के साथ मिलकर शुरुआत की, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, मुझे अकेले ही संघर्ष करना पड़ा। दोस्तों ने साथ छोड़ दिया, लेकिन मैंने अपना काम जारी रखा। नतीजा आपके सामने है। अपनी प्रामाणिकता साबित करने के बाद दुनिया आपको सलाम करती है।

मैं युवाओं को यह संदेश देना चाहता हूं कि उन्हें सिर्फ नौकरी करने के बारे में नहीं सोचना चाहिए, बल्कि उन्हें नौकरी देने वाला बनना चाहिए। कोई भी बड़ा कारोबार अचानक से बड़ा नहीं बन जाता। शुरुआत छोटे स्तर से की जाती है जिसे कड़ी मेहनत से आसमान की ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है। सफलता का यही मंत्र है। हर काम को पूरी लगन और अनुशासन के साथ करो। नियमित अभ्यास से आपके काम में पूर्णता आती है। साथ ही अपने काम के प्रति ईमानदार रहो। जीतने के लिए हारना भी सफलता का हिस्सा है, जिसे ध्यान में रखना चाहिए। एक दिन सफलता तुम्हारे कदम चूमेगी।

आज, अथर्व एकेडमी सैकड़ों बच्चों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन चुका है। यहां से पड़े कई छात्रों ने महत्वपूर्ण परीक्षाएं उत्तीर्ण की हैं और बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर हैं। प्रकाश तिवारी की इस यात्रा ने यह साबित कर दिया कि सही दिशा में की गई मेहनत और समर्पण से किसी भी सपने को साकार किया जा सकता है, उनकी प्रेरणादायक कहानी कई लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बनी हुई है।

रेलवे स्टेशन परिसर, रेल गाड़ियों को साफ व रेलपथ पर कचरा न फेंकने प्रशासन को सहयोग देने की अपील

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय रेलवे अपने यात्रियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय रेलवे द्वारा रेलवे लाइनों की स्वच्छता को सुनिश्चित करने और यात्रियों को स्वच्छ यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से निरंतर सफाई अभियान चलाया जाता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मण्डल द्वारा भी नियमित रूप से रेल अधिकारियों तथा रेल कर्मियों द्वारा स्टेशन अप्रोच रोड, रेल गाड़ियों तथा स्टेशनों के रेल परिसर के साथ-साथ रेल पटरियों के आस-पास के नालियों व गडरलाईनों की सफाई पर विशेष जोर दिया जा रहा है। विशेषकर रेल पटरियों के आस-पास सफाई कर झाड़ियों की कटाई सहित पटरियों से रैग पिकिंग का कार्य निरंतर किया जा रहा है ताकि रेल पटरियाँ स्वच्छ रहे। रेलवे स्टेशनों पर दैनिक सफाई कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवशयकतानुसार सफाई कर्मियों की नियुक्ति की गई है। स्टेशनों एवं ट्रेनों की साफ-सफाई के लिए अत्याधुनिक सफाई उपकरणों और तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह के आदेशानुसार संबंधित वाणिज्य निरीक्षकों द्वारा अपने-अपने कार्यक्षेत्रों के अंतर्गत रेलखण्डों व रेलवे लाइन के आसपास फेंके गए कचरे को सफाई कार्यों को सुनिश्चित करने हेतु रेलखण्डों का निरीक्षण किया जा रहा है ताकि सफाई के स्तर को बेहतर किया जा सकें। साथ ही चिन्हित रेलवे स्टेशनों पर रेल गाड़ियों के पेंट्रीकार से इकट्ठा किये गये कूड़ा-कचरा के निष्पादन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यात्रियों और स्थानीय निवासियों को रेलवे ट्रैक के पास कचरा न फेंकने, आवश्यक स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर सफाई अभियान, स्थानीय लोगों को रेलवे लाइनों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए तथा उन्हें प्रोत्साहित करने हेतु रेलवे लाइनों के पास सफाई संबंधी जानकारी देने वाले पोस्टर्स व उदघोषणा प्रणाली के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। रेल प्रशासन यात्रियों एवं आगंतुकों से रेलवे स्टेशन परिसर व रेल गाड़ियों को साफ रखने व रेलपथ पर कचरा न फेंकने तथा स्टेशन परिसर के आस पास के स्थानों को भी साफ रखने में प्रशासन को सहयोग देने की अपील करती है।

स्ट्रांग रूम का सतत निरीक्षण अब गणना एजेंटो को देंगे प्रशिक्षण -कांग्रेस

राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव मतदान संपन्न होने के पश्चात ईवीएम मशीन बी.यू., सी.यू., वी.वी. पैट स्ट्रांग रूम में जहां रखी हुई है वहां अपने प्रतिनिधि नियुक्त कर सतत निगरानी करते हुए 4 तारीख को मतगणना के लिए अपनी पूरी तैयारी भी कर ली है। इसके लिए कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के निर्वाचन अभिकर्ता गिरीश देवांगन के सतत मार्गदर्शन में राजनांदगांव लोकसभा में कांग्रेस पार्टी पूरी गंभीरता से अपने मतगणना एजेंटों को प्रशिक्षण के माध्यम से मतगणना की बारीकियां से अवगत कराने की कार्ययोजना को अंतिम रुप दे चुके है। कांग्रेसजन द्वारा स्ट्रांग रूम में निगरानी व समय-समय पर उसका अवलोकन भी किया जा रहा है। गिरीश देवांगन के निर्देश पर मतगणना के पूर्व स्ट्रॉन्ग रूम अवलोकन के लिए छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर, छग प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे, जिला कांग्रेस महामंत्री संजय जैन, वीरेंद्र बोरकर, गोपाल चंद्रवंशी, जलेश चंद्रवंशी, संजीव दुबे, अजहर खान, वीरेंद्र चौहान, सुरजीत ठाकुर, अयूब खान, राधे सिंह, फरमान अली आदि कांग्रेसजनों ने मोहला मानपुर, राजनादगांव, खैरागढ़ और कवर्धा स्ट्रांग रूम में पहुंचकर अवलोकन किया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया की मतगणना में टेबलों में बैठने वाले मतगणना एजेंटो को मतगणना की बारीकियां से अवगत कराते हुए, उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि मतगणना का कार्य निर्विवाद एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके, इसके लिए छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं विनोद वर्मा की प्रशिक्षण टीम के विनयशील, अंकित बागबाहरा आदि 1 तारीख को मोहला एवं राजनांदगांव जिले के चारों विधानसभा के गणना एजेंट को एवं दो तारीख को कवर्धा-पंडरिया एवं खैरागढ़ विधानसभा के गणना एजेंटों को प्रशिक्षण देगें। लोकतंत्र के महापर्व में कांग्रेस पार्टी निर्वाचन कार्य में पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ निर्विघ्न रूप से कार्य संपादित करने को संकल्पित है।

रॉयल किड्स कान्वेंट में समर कैंप 8 जून से

राजनांदगांव (दावा)। शहर के हृदय स्थल में स्थित संस्था रॉयल किड्स कान्वेंट में 1 जून से आरंभ होने वाले समर कैंप को भीषण गर्मी के कारण स्थगित कर दिया गया है मौसम के सामान्य रहने पर दिनांक 8 जून से समर कैंप संचालित किया जाएगा, इच्छुक विद्यार्थी शाला आकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा ले, जिनका रजिस्ट्रेशन हो चुका है वे विद्यार्थी 8 जून से नियमित रूप से समर कैंप का लाभ उठा सकते हैं। रॉयल किड्स कान्वेंट में फुटबाल प्रशिक्षण शिविर जो कि 1 मई से प्रातः 6:00 बजे ठंडे-ठंडे वातावरण में सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। इसका लाभ बहुत से विद्यार्थी ले रहे हैं, अन्य शाला के विद्यार्थी भी निःशुल्क इस शिविर से लाभ उठा सकते हैं। इस सुअवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

जिला जेल में ब्रह्माकुमारीज द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन

० नशे से मुक्त होने के लिए कैदी भाईयों को राजयोग मेडिटेशन कराया गया
० नशामुक्त जीवन जीने की दिलाई गई शपथ

राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदान भवन लालबाग राजनांदगांव द्वारा सिविल लाइन स्थित जिला जेल में कैदी भाईयों के लिए विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित ब्रह्माकुमारीज की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी ने कहा कि तंबाकू तथा अन्य नशे से मुक्त होने के लिए हमे आध्यात्मिकता को अपने जीवन में धारण करना होगा। हमारा शरीर एक मंदिर है तथा मैं आत्मा इस मंदिर में विराजमान एक चैतन्य मूर्ति हूं मुझे अपने शरीर रूपी मंदिर को सभी प्रकार के व्यसनों तथा नशे रूपी कचरे से स्वच्छ रखना है जिससे तन के साथ साथ मन रूपी मंदिर भी स्वस्थ रहेंगे जिसमे पवित्र और श्रेष्ठ विचार रूपी पुष्प खिलेंगे। इसके लिए राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास बहुत आवश्यक है। अपने संबोधन के अंत में बहन जी ने उपस्थित सभी कैदी भाईयों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास भी कराया। इसके पूर्व ब्रह्माकुमार झालम भाई ने बताया कि सर्वप्रथम सन् 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का मनाया गया था जिसका उद्देश्य था दुनिया में बढ़ते तंबाकू के सेवन को रोकना तथा लोगो को तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान से जागरूक करना। आज भारत में प्रतिवर्ष चार लाख लोग तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारी से मर जाते है जो कि हमारे भारत जैसे देश के लिए बहुत दयनीय स्थिति है। भारत को नशामुक्त देश बनाने के उद्देश्य से समय-समय पर ब्रह्माकुमारीज द्वारा नशामुक्ति कार्यक्रम चलाया जाता है।

कार्यक्रम में उपस्थित जेल के गुरु जी तारकेश्वर प्रसाद ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा कैदी भाइयों को नशामुक्त जीवन जीने की नसीहत दी। कार्यक्रम के अंत में जन शिक्षण संस्थान द्वारा सिलाई तथा हाउस वायरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कैदी भाइयों को प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी झिलेश्वरी बहन जी, जेल के चिकित्सक तथा 50 से भी अधिक कैदी भाई उपस्थित थे।

भट्ठी की तरह तप रहे छत्तीसगढ़ में हीट वेव का कहर जारी

रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में इस समय पड़ रही भीषण गर्मी के बीच मौसम विभाग ने राज्य के कई इलाकों में भयंकर लू चलने व रात में भी हवा में तपिश बने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए बताया कि आने वाले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के बलौदाबाजार, बेमेतरा, बिलासपुर, दुर्ग, जांजगीर-चांपा, केसीजी, कोरबा, कोरिया, महासमुंद, मनेंद्रगढ़, चिरिमिरी, भरतपुर, मुंगेली, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव, सक्ती में अलग-अलग स्थानों पर गर्म रात के साथ लू चलने की संभावना है। इधर दिन में सूरज की भयंकर तपिश से तापमान का आंकड़ा 45 डिग्री को पार कर 46 डिग्री से ऊपर चला गया है। मौसम विभाग ने दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक हीट वेव कंडीशन के प्रबल रहने की संभावना जताते हुए चेतावनी दी है।

गैंगरेप कर मर्डर की आशंका

आरोपियों ने अर्धनग्न कर लिक्विड से जलाई लाश, मौके पर मिली थी शराब की टूटी बोतलें

रायपुर (दावा)। रायपुर में एक महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आशंका है कि इन आरोपियों ने महिला की हत्या करने से पहले गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया है। इसके बाद मारकर उसकी लाश जला दी। 7 दिन बाद पुलिस ने हत्यारों को पकड़ लिया है। मामले का टिकरापारा पुलिस अब खुलासा करेगी। दरअसल, इस महिला की अर्धनग्न अधजली लाश की पहचान केवरा बाई (45) लालपुर निवासी के रूप में हुई थी। महिला 18 मई से लापता थी। 21 मई को टिकरापारा थाना में बेटे ने मां के गुम होने की शिकायत दर्ज कराई थी। केवरा बाई का पति नहीं है। घटनास्थल के पास शराब की बोतलें टूटी हुई मिली पुलिस केवरा बाई की तलाश में जुटी थी कि इस बीच 23 मई को सीवरेज पाइप के अंदर अर्धनग्न हालत में महिला की लाश मिली थी।

महिला के पहने मंगल सूत्र और गहने से बेटे ने उसकी पहचान की है। घटनास्थल के पास शराब की बोतलें टूटी हुई मिली हैं। झाड़ियों में सीवरेज पाइप में पड़ी थी लाश टीआई दुर्गेश रावटे ने बताया कि, जामुल का रहने वाला एक शख्स झाड़ियों में टॉयलेट के लिए गया था, जहां सीवरेज के बड़े से पाइप से उसे तेज दुर्गंध आई। उसने जाकर देखा तो पाइप के अंदर महिला की लाश देखी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा था।

आशंका जताई जा रहा है कि आरोपियों ने महिला को मारकर लाश को जलाने की कोशिश की है, ताकि उसकी पहचान जल्दी किसी को न हो पाए। घटनास्थल की जांच के दौरान फोरेंसिक टीम को लाश के बाल और चेहरे समेत शरीर का कई हिस्सा जला हुआ मिला है। बताया जा रहा है कि बॉडी को किसी ज्वलनशील लिक्विड से जलाया गया है। गले पर मंगलसूत्र, कलाई में गुलाबी चूड़ी महिला की बॉडी से कुछ चीजें भी मिली हैं। उसने गले में मंगलसूत्र, कान में टॉप्स, गुलाबी रंग की चूड़ियां और पिच कलर की गोल्डन वर्क की साड़ी पहनी हुई थी। पुलिस ने मौके से कई और चीजें भी जुटाई हैं।

अनमोल दावा

> हम जो भी कर्म करते हैं उसका फल हमने ही भोगना पड़ता है। इसलिए कर्म करने से पहले विचार कर लेना चाहिए।

जिम्मेदार लोगों को कठघरे में खड़ा करने की जरूरत

दुनिया के विकसित देशों में जहां ऐसे कामों को मशीनों से कराए जाने की व्यवस्था बन चुकी है, वहीं भारत में इस मामले में कानूनों का पालन करने की तो दूर, किसी मजदूर को सीवर में उतारते हुए उन्हें कोई सुरक्षा उपकरण देना भी जरूरी नहीं समझा जाता।

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि आधुनिक तकनीकी के जरिए जटिल कामों को भी आसान बनाने के इस दौर में कुछ लोगों को सीवर में या फिर शौचालय की टंकी में घुस कर उसकी सफाई करने के लिए उतारा जाता है और उनमें से कई मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आकर मारे जाते हैं। गौरतलब है कि राजस्थान के भरतपुर में गुरुवार को शौचालय की टंकी की सफाई करने उतरे दो युवकों का दम घुटने लगा तो उन्होंने मदद के लिए आवाज लगाई।

उन्हें बचाने के लिए तीन अन्य युवक नीचे उतरे तो वे भी जहरीली गैस के कारण बेहोश हो गए। किसी तरह टंकी का एक हिस्सा तोड़ कर उन सबको बाहर निकाला गया, मगर तीन युवकों की जान चली गई। इसके बाद एक रस्म की तरह सरकार की ओर से मामले की जांच और पीड़ित परिवार को राहत प्रदान करने का निर्देश जारी किया गया, सहानुभूति जताई गई। मगर ऐसी घोषणाओं में शायद ही कभी ऐसी इच्छाशक्ति दिखती है कि सीवर या फिर शौचालय की टंकी की सफाई कराने वालों के जिम्मेदार लोगों को कठघरे में खड़ा किया जाए।

यह अफसोसनाक है कि आए दिन सीवर या शौचालय की टंकी की सफाई के दौरान मजदूरों की जान जाने की खबरें आती रहती हैं। पिछले लगभग एक महीने के दौरान सीवर की सफाई के दौरान कम से कम सात मजदूरों के मरने की घटनाएं हुईं। आंकड़ों के मुताबिक, हर वर्ष देश में इस तरह सौ से ज्यादा मजदूरों की मौत होती है।

दुनिया के विकसित देशों में जहां ऐसे कामों को मशीनों से कराए जाने की व्यवस्था बन चुकी है, वहीं भारत में इस मामले में कानूनों का पालन करने की तो दूर, किसी मजदूर को सीवर में उतारते हुए उन्हें कोई सुरक्षा उपकरण देना भी जरूरी नहीं समझा जाता। किसी मजदूर की मौत की घटना के तूल पकड़ने के बाद प्रशासन की ओर से मुआवजे या राहत की घोषणा होती है, मगर ऐसा कोई उपाय नहीं निकाला जाता कि आगे इस तरह की घटना को पूरी तरह रोका जा सके।

आखिर इसके पीछे क्या कारण है कि निर्माण संबंधी भारी कामों में भी आधुनिक तकनीकी और मशीनों का इस्तेमाल किया जाता है, मगर सीवर या शौचालय की टंकी की सफाई के मामले में इस पर ध्यान देना जरूरी नहीं समझा जाता!

कविता

राजनीतिक नवतपा

नवतपा के भीषण गर्मी,
भोंभरा जरत हे चटाचट, चटाचट।
तेकर ज्यादा हवे, राजनीतिक गर्मी
भेद खोलत हे खटाखट- खटाखट ।।
नेता मन के चलय लाई-लिगरी
तापमान बाढ़त हे इंक्यावन डिगरी
कोन्हों ह काहत हे विक्रम संवत लाबो,
कोन्हों काहत हे संवत हिजरी।
समुद्र मंथन के हलाहल भासन ल
जनता पीयत हे गटागट-गटागट
भेद खोलत हे खटाखट-खटाखट
बहुसंख्यक वाद विरोध के नारा,
मनपसंद खाए के नेवता झाराझारा।
क्रिया के प्रतिक्रिया होवत हे
बाढ़त हवे राजनीति के पारा।।
चुनाव के लहकत गर्मी में
गोठ-बात चलत हे रटारट - रटारट।।
भेद खोलत हे.....
पइसा कौड़ी के चलत हे लालच,
नौकरी - चाकरी के मनसा पालत
लेवत हे लोगन ल अपन पाला में
चाहे कइसनो होवय हालत।
नेता मन के रंग-रंग बात सुने बर
भीड़ जुटत हे कटाकट-कटाकट।।
भेद खोलत हे, खटाखट-खटाखट
कोन्हों ह जेल डाहर जावत हे,
कोन्हों जात हे, खोड़हर-कंदरा।
चार जून के मत ह खुलही तब
चलही इंखर अब्बड़ पांच-पंदरा।
चार सौ पार के महिमा अपार के
बाढ़ ही ते कम होही, फटाफट- फटाफट ।।
भेद खोलत हे, खटाखट-खटाखट।।

आत्माराम ''कोशा ''अमात्य''
लखोली नाका - राजनांदगांव

पोर्न स्टार मामला : ट्रंप दोषी क़रार, अब चुनाव पर क्या होगा असर

एंथनी ज़र्चर

एक ऐतिहासिक फ़ैसले में न्यूयॉर्क की अदालत ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हश मनी मामले में दोषी क़रार दिया है.पहली बार ऐसा हुआ है कि कोई पूर्व या मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति किसी अपराध में दोषी क़रार दिया गया हो.वो ऐसे पहले व्यक्ति हैं, जो एक बड़ी पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार भी हैं.

हालांकि हश मनी ममले में ट्रंप अपनी अपील के बारे में योजना बना रहे हैं और 11 जुलाई को सज़ा सुनाए जाने का इंतज़ार कर रहे हैं, जिसमें जेल के साथ ही भारी जुर्माना लगाया जा सकता है. लेकिन इससे होने वाले राजनीतिक असर का आकलन करना जल्दबाज़ी नहीं होगी.ये मामला अपने आप में अनोखा है क्योंकि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था.

साउदर्न मेथोडिस्ट यूनिवर्सिटी में सेंटर फॉर प्रेजिडेंशियल हिस्ट्री के डायरेक्टर जेफ़री एंजेल ने कहा, च्इस मामले में क्या होगा, इसके बारे में पता करने के लिए हम अक्सर इतिहास का पन्ना पलटते हैं. लेकिन ऐसा या इस जैसा भी कोई मामला रिकॉर्ड में नहीं है. इसी साल रिपब्लिकन पार्टी की ओर से ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी हासिल की थी और सज़ा सुनाए जाने से कुछ दिन पहले ही पार्टी का कन्वेंशन निर्धारित है. पोल्स में संकेत मिलता है कि उनके और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच कांटे की टक्कर है और कुछ स्विंग स्टेट्स में उन्हें हल्की सी बढ़त भी हासिल है, जो कि चुनाव के नतीजे पर असर डाल सकता है. लेकिन इन सर्वेक्षणों में ये भी पता चलता है कि दोषी क़रार दिए जाने से चुनावी समीकरण प्रभावित भी हो सकता है.

पिछली सर्दियों में रिपब्लिकन प्राइमरी चुनावों के दौरान कराए गए पोल्स में कुछ मतदाताओं का कहना था कि अगर ट्रंप दोषी ठहराए जाते हैं तो वो पूर्व राष्ट्रपति को वोट नहीं करेंगे. अप्रैल में इप्सास और एबीसी न्यूज़ की ओर से कराए गए सर्वे में पता चला कि ट्रंप का समर्थन करने वाले 16त्न ने कहा कि ऐसी हालत में वो अपने समर्थन के बारे में दोबारा सोचेंगे.

हालांकि तब ट्रंप दोषी क़रार नहीं दिए गए थे और उस समय वो चार आपराधिक मामलों का सामना कर रहे थे.इनमें 2020 के चुनावी नतीजों को पलटने की कथित साज़िश और व्हाइट हाउस छोड़ते समय गोपनीय दस्तावेज़ों के रख-रखाव का मामला भी था.अब वे मतदाता हक़ीक़त में बदल चुके हालात के आधार पर अपना निर्णय ले सकते हैं.



दोषी ठहराए जाने के तुरंत बाद जब ट्रंप ने कोर्टरूम छोड़ा तो उन्होंने कहा, असली फ़ैसला पांच नवंबर को जनता करेगी.ज्डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के साथ काम कर चुके चुनावी विशेषज्ञ डाउ शोएन कहते हैं कि हश मनी को लेकर मतदाताओं में तब तक कोई गहरी प्रतिक्रिया रहेगी, इसमें शक है, क्योंकि यह मामला आठ साल पहले का है.उन्होंने कहा, च्किसी अपराध के लिए सज़ायाफ़्ता होना कोई अच्छी बात नहीं है. नवंबर में मतदाता महंगाई, दक्षिणी सीमा, चीन और रूस के साथ प्रतिद्वंद्विता, यूक्रेन और इसराइल में खर्च किए जा रहे डॉलर के बारे में सोच रहे होंगे.ज्

हालांकि ट्रंप के सपोर्ट में थोड़ी सी भी गिरावट, इस कांटे की टक्कर वाली राष्ट्रपति चुनावों के नतीजे पलट सकती है. अगर विस्कॉन्सिन और पेनसिल्वेनिया जैसे प्रमुख राज्यों में पूर्व राष्ट्रपति के समर्थक कुछ हज़ार वोटर भी च्साइलेंटज् हो जाते तो इसका बहुत बड़ा असर पड़ सकता है.

रिपब्लिकन वुमन फॉर प्रोग्रेस की सह संस्थापक एलिये हिल-डेविस ने कहा, च्मुझे नहीं लगता कि इसका कोई असर पड़ेगा और उनकी उम्मीदवारी को नुकसान पहुंचाएगा.ज्ज् इस ग्रुप ने ही ट्रंप से दूर होने के लिए पार्टी से आग्रह किया था.

वो कहती हैं कि नौजवान मतदाता, कॉलेज शिक्षित और नगरों में रहने वाले लोग ट्रंप के आचरण और प्रशासन के उनके तरीक़े से खुश नहीं हैं.वो कहती हैं, च्इन मतदाताओं में डोनाल्ड ट्रंप की अगुवाई वाली रिपब्लिकन पार्टी के साथ खड़ा होने के लेकर हिचक है. दोषी क़रार दिए जाने का मामला इस अनिश्चितता को और बढ़ाएगा.लेकिन अग्रणी रिपब्किन नेता, जिनमें से अधिकांश ने पार्टी के उम्मीवार के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए सुनवाई में मौजूद थे, फ़ैसला आने के तुरंत बाद उनके समर्थन में आ गए.हाउस स्पीकर माइक जॉन्सन ने इसे अमेरिकी इतिहास में एक शर्मनाक दिन क़रार दिया, यह विशुद्ध राजनीतिक कार्यवाही थी, न कि क़ानूनी.

आठ सालों से विशेषज्ञ और विरोधी ट्रंप के आसन्न राजनीतिक पतन की भविष्यवाणी करते रहे हैं लेकिन ये ग़लत साबित हुआ है.2016 में राष्ट्रपति चुनाव अभियान में कई स्कैंडल की चर्चा हुई जो किसी भी राजनेता के लिए भारी पड़े होते, जिसमें ट्रंप की वो रिकॉर्डेड बातचीत भी शामिल हैं, जिसमें वो महिलाओं के बारे में कथित अपमानजक बातें कर रहे थे. इस सुनवाई में उसका भी बार-बार जिक्र आया.

ट्रंप के कार्यकाल में रिपब्लिकन पार्टी खुद को बँटी हुई दिखी, जब दो बार महाभियोग लाया गया और कैपिटल हिल पर ट्रंप समर्थकों के हमले के साथ ट्रंप की व्हाइट हाउस से अराजक विदाई हुई.

इन सब बातों ने भी पूर्व राष्ट्रपति को राजनीतिक पुनर्जीवन से रोक नहीं पाईं और आखिरकार नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में वो ऐसी स्थिति में आ गए हैं कि वो जीत भी सकते हैं.एंजेल कहते हैं, च्अमेरिकी इतिहास में इससे पहले किसी और उम्मीदवार पर स्कैंडल के ऐसे आरोप उसे तबाह कर दिया होता लेकिन ट्रंप को मिल रहा लगातार समर्थन वास्तव में आश्चर्यजनक है.यह ऐतिहासिक आपराधिक सज़ा बिल्कुल अलग भी साबित हो सकती है. ख़ासकर तब जब ट्रंप की अपील ख़ारिज हो गए और उनके जेल जाने की नौबत आ गई.या ये रुकावट डालने वाली घटनाओं की श्रृंखला की एक ताज़ा कड़ी हो सकती है, जो कि सत्ता तक पहुंचने के ट्रंप के रास्ते में बाधा ही रही हैं.

अमेरिकन यूनिवर्सिटी में प्रोफ़ेसर एलन लिचमैन ने एक पॉलिटिकल मॉडल तैयार किया है, जिसने 1984 के बाद से ही राष्ट्रपति रेस में शामिल रहे उम्मीदवारों की जीत की सफल भविष्यवाणी की है.हालांकि, वो भी मानते हैं कि ट्रंप की सज़ा एक अभूतपूर्व मामला हो सकता है, जिसके बारे में यह पॉलिटिकल मॉडल काम नहीं भी कर सकता है. वो कहते हैं, च्इतिहास की किताबें इसे वाक़ई अभूतपूर्व घटना के रूप में दर्ज करेंगी लेकिन बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि बाद में क्या होता है.ट्रंप के सज़ा मिलने के महत्व पर अंतिम फ़ैसला नवंबर में मतदाताओं के हाथ से होगा. अगर पूर्व राष्ट्रपति हार जाते हैं, तो उनकी सज़ा को उनकी हार का कारण माना जाएगा. अगर वो जीतते हैं तो यह ट्रंप के राजनीतिक करियर में फुटनोट के तौर पर दर्ज होगा. एंजेल कहते हैं, हम जानते हैं कि इतिहास विजेताओं द्वारा लिखा जाता है.

मन में बसे हैं राम -163 : राजा दशरथ का सक्षम होते हुए भी पद त्याग का विचार प्रेरक घटना

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

राजा दशरथ और श्रीराम में वार्तालाप जारी है।

''ऐसा क्यों पुत्र?'' राजा ने पूछा।

''क्योंकि अभी भी आप उस दक्षता के साथ शासन का संचालन कर रहे हैं जिस तरह से अपने प्रथम दिन अपना कार्यभार ग्रहण करने के समय किया होगा।'' श्री राम ने कहा।

''यह आवश्यक नहीं है पुत्र कि जब राजा अक्षम हो जाए, तब ही राजपद छोड़ें, सक्षम अवस्था में भी वह किसी योग्य उत्तराधिकारी को अपना कार्यभार सौंप सकता है।अगर यह परंपरा में नहीं है, तो मुझे इस परंपरा के अनुपालन की चिंता नहीं है पुत्र, कि राजा आजीवन राजा होता है और युवराज उनकी मृत्यु के बाद ही नया राजा बनता है।'' राजा दशरथ ने समझाया।

श्री राम ने अपना दृष्टिकोण रखा, ''यह मुझे स्मरण है पिताजी कि आप दृढ़ प्रतिज्ञ हैं और रघुकुल में कोई निश्चय भी वचन बन जाता है। सूर्यवंश में अपने वचनों का पालन करने की परंपरा रही है। आप इतिहास के सहस्त्रों राजाओं के मध्य उस प्रजापालक राजा के रूप में प्रतिष्ठित हैं, जिनके लिए राज्य का हर निवासी उनके विराट अयोध्या परिवार का एक अभिन्न अंग है। जो बंधी बंधाई परंपरा पर तो चलते ही हैं, लेकिन अपने पौरुष से एक नई परंपरा को भी जन्म देते हैं।''

''.....और मेरा पद त्याग एक नई परंपरा को जन्म देना ही तो हुआ पुत्र!'' राजा दशरथ ने मुस्कुराते हुए कहा।

श्री राम ने कहा, ''उचित है पिताजी! अगर आपका यह अंतिम निर्णय है तो इसका अनुपालन मेरा धर्म है, फिर भी यह मेरा एक निवेदन है आपसे। आप मुझे अपनी इच्छा अनुसार युवराज भले बना दें, लेकिन स्वयं राजपद को सुशोभित करते रहें और यह राम वचन देता है कि अयोध्या राज्य की कीर्ति पताका आगे भी दिक- दिगंत में फहराती रहेगी और मेरे होते हुए अयोध्या राज्य शत्रुओं से सदैव निष्कंटक रहेगा।''

राजा दशरथ कुछ देर सोचते रहे, फिर उन्होंने कहा, ''ठीक है पुत्र! तुम्हारी बात से मैं सहमत हूं। अतः मेरी घोषणा के अनुरूप कल तुम्हारा अभिषेक तो होगा, लेकिन राजा के रूप में नहीं बल्कि युवराज के रूप में।''

''अवश्य पिताश्री!'' श्री राम ने कहा।

''अब तुम और सीता कल के अभिषेक के लिए आज से ही कठोर व्रत और संयम पूर्वक जीवन प्रारंभ कर दो।'' राजा दशरथ ने निर्देश दिया।

''जी पिताश्री!'' श्री राम ने उत्तर दिया और उन्होंने यह समाचार सुनाने के लिए माता कौशल्या के कक्ष की ओर प्रस्थान किया।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

शब्द सामर्थ्य -074

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे
1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 073 का हल

खा	म	खां			ई			
स	ह		ब	र	सा	त		प
	क	हा	नी		न	क	च	ढ़ा
त			स्व			ली		ई
क	या	म	त		क	फ	न	
दी		र्दा		बा	बू		ह	वा
र	ह	ना		ल	त	खो	र	
	वा		नी	क	र			सा
भा	ई		का			बा	द	ल

सू- दोकू क्र.074

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.073 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1

सामयिक चर्चा

महंगाई की अपनी ही हैसियत और सरकार के पास कैफियत है

व्यंग्य से हंसकर
बानी बोले - ''गजाधर!
लो देखो आ गई सरकार
अपनी औकात पर!
छत्तीसगढ़ में अगले माह
जून से महंगी होगी बिजली
सच कहता हूँ गजाधर !
जब भी महंगाई बढ़ती है,
और यह डायन घमण्ड से हँसती है,
तो हमारा तन-मन ही नहीं,
आत्मा भी जलने लगती है।''
गजाधर अबकी मुस्कुराए नहीं,
बल्कि गंभीर होकर बोले
''सच कहते हो बानी!
यह डायन महंगाई सचमुच महान है
इसके आगे सरकार भी
विवश है, असमर्थ है, परेशान है ।
तो बानी! आज यह जान लो
कि महंगाई की बड़ी हैसियत है
और सरकार के पास
महंगाई रोक न पाने की कैफियत है।

- गिरीश बख्शी

कविता

सुडोल शरीर

ईश्वर ने दिया सुडोल काया ना करें इसे विनाश,
कितनी मुश्किल से माता-पिता करते हैं संतान को तैयार
पालन पोषण में माता की त्याग अमूल्य है
पिता का स्नेह संरक्षण, चिन्ता में रहना
यह संस्कार और शिक्षा संतान के लिये धरोहर है।
संतान खूब पढ़ें, कुल का दीपक बनें
कुसंग का ज्वर न लगे, कितना सुंदर शरीर चमकते मौंहे
ये हिरणी के समान आँखे, भरत जैसे
सिंह पर बैठने जैसे दिखना।
तुम्हारे दो हाथ, दो पैर, रक्त एवं कोशिकाएँ को मजबूत
तुम्हारे सिने कोई पदक लिये हुए बहादुर जैसा हो
तुम्हारे कदम की चाल साहस एवं बहादुरी का संदेश दे,।
इक्कीसी सदी के युवक, तुम धुम्रपान न करना
निकोटिन का जहर जबड़े को जकड़ लेता है
सुडोल शरीर की सुन्दरता को कुरूप कर देता है
चालें बदल जाती है, मुखमंडल अशुद्ध हो जाता है
मानसिक असंतुलन तंत्रिका तंत्र में छा जाती है।
शरीर शुद्ध, तो आत्मा शुद्ध, इसमें हो सरस्वती का वास,
न करें जहर का सेवन, इसे सामुदायिकता से रोकें,
सड़ी मछली न बनें, ना करें समाज को प्रदुषित,
आदर्श बनें, श्रेष्ठ बनें, उत्कृष्ट
भावना का संदेश दें
न करें धुम्रपान, नशा
का त्याग करें, सुकर्म करें।

देवेन्द्र महोबे
खैरागढ़
9424129646

राशिफल

मेष — आज आपका दिन आपके जीवन में नई खुशी लेकर आएगा। व्यापार में निवेश के लिए आज पूरा दिन आपके पक्ष में रहेगा। घर में किसी बड़ी खुशखबरी से परिवार के माहौल में उत्साह रहेगा। छात्रों को पढ़ाई के मामले में लापरवाही से बचना चाहिए, थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है, सफलता मिलाने के योग बने हुए हैं।

वृषभ — आज आपके दिन की शुरुआत नई उमंगों के साथ होगा। घर के लोगों में आपसी तालमेल बना रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में आपको अपने कार्यों में सफलता मिलेगी। छात्र आज अपने सीनियर्स से प्रोजेक्ट को पूरा करने में मदद लेंगे। आज स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आपको काफी आराम मिलेगा।

मिथुन — आज आपका दिन रोज की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे, जिससे आपको बहुत खुशी मिलेगी। विद्यार्थियों को अपने करियर का चुनाव करने के लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। हार्ट की समस्या से परेशान लोग आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाने का विचार बनाएंगे।

कर्क — आज का दिन आपके परिवार के लिए खुशियाँ लाएगा। आज ऑफिस में आपका प्रोमोशन होगा। ब्यूटी पार्लर का काम कर रहे लोगों को आज किसी कस्टमर से अच्छा मुनाफा होगा। रिश्तेदारों से आपकी आज फोन पर लंबी बात होगी। मां अपने बच्चों की मनपसंद डिश बनाएंगी।

सिंह — आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। विद्यार्थियों का आज पढ़ाई में रूचि बढ़ेगी। आपके जीवन में खुशी बनी रहेगी। फरूट्स का कारोबार कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा। राजनीति से जुड़े लोग आज किसी सभा में शामिल हो सकते हैं। परिवार के साथ बाहर घूमने जाने का मन बनाएंगे।

कन्या — आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। बिजनेस में आज अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपको कार्य करने का तरीका सिखाएगी। आज दूसरों को समझाने से पहले खुद की कमियों को देखें। आज आपका मन धार्मिक कार्य में लगेगा, पूजा पाठ का कार्यक्रम करवा सकते हैं। अपने बच्चों की सफलता से खुशी मिलेगी।

तुला — आज का दिन आपके लिए बेहतर परिणाम लाने वाला है। आज आपको अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है। आज आप नए काम करने का मन बनाएंगे। आज ऑफिस में आपके काम से खुश होकर बॉस आपका प्रमोशन का विचार करेंगे। आज आप नया घर खरीदने का प्लान बनाएंगे।

वृश्चिक — आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आप छोटी-छोटी चीजों में खुशियां ढूंढेंगे। लकड़ी का कारोबार कर रहे लोगों को रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा। घर के किसी सदस्य को सफलता मिलने से परिवार में खुशी का माहौल बनेगा। नकारात्मक सोंच वाले व्यक्तियों से आप दूरी बना कर रखें।

धनु — आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होगा। आप को अपने बड़ों से आशीर्वाद मिलेगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन उर्जा से भरपूर रहने वाला है। आज आप जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका पाएंगे। सोशल मडिया पर आपकी पोस्ट ज्यादा लोगों को पसंद आयेगी। आज आपको अपने फिजूल खर्चों को कम करने की आवश्यकता है।

मकर — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। कुछ दिन पहले जॉब के लिए किये आवेदन का आज अच्छा रेस्पोंस आएगा। ऑनलाइन व्यापार कर रहे लोगों को आज कोई बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा जिससे अच्छा लाभ होगा। विद्यार्थी आज नया एक्सपेरिमेंट करेंगे। आज आपका मन शांत रहेगा। इस राशि के प्रॉपर्टी डीलर्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

कुंभ — आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। बड़ों की सलाह से बिजनेस को नए रास्ते पर लाने का प्रयास सफल होगा। नवविवाहित दंपत्ति के रिश्ते में सौहार्द बना रहेगा। आज आप गाड़ी चलाना सीखने का मन बनाएंगे। आज किसी काम में अपनों की मदद मिलेगी जिससे काम आसान हो जाएगा।

मीन — आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। इस राशि के मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। घर में चल रही अनबन आज समाप्त होगी। लोहे का कारोबार कर रहे लोगों की सेल में आज बढ़ोत्तरी होगी। महिलाओं को मार्किट में आज पर्स और ज्वेलरी का खास ख्याल रखने की आवश्यकता है।

फाईल मॉनिटरिंग सिस्टम में आवश्यक सुधार करें - सोनमणि बोरा

रायपुर (दावा)। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कहा है कि विभाग में प्रचलित फाईल मॉनिटरिंग सिस्टम में आवश्यक सुधार किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कार्यालय की फाईलों को ढूढने के संबंध में कोई उचित व्यवस्था ना होने से नस्तियों को ढूंढ़ने में काफी समय लगता है साथ ही यह व्यवस्था वर्तमान समय में अनुपयोगी भी है।

उन्होंने इसमें सुधार के लिए इंडेक्स प्रणाली अपनाने पर जोर दिया जिसमें सभी नस्तियों की क्रमांकवार/विषयवार एंट्री की जाए, ताकि कोई भी फाईल ढूंढ़ने में अनावश्यक विलंब से बचा जा सके। वे आज इंद्रावती भवन स्थित मुख्यालय के विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कामकाज की समीक्षा कर रहे थे।

बैठक से पूर्व श्री बोरा ने मुख्यालय स्थित आदिम जाति विभाग के परिसर में घूमकर निरीक्षण किया एवं वहां पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से उनके कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने कार्य की परंपरागत पद्धति में आवश्यक सुधार करने के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों में बहुत जल्द 'ई-ऑफिस' कार्यप्रणाली शुरू होने वाली है। इससे ना केवल कार्य में पारदर्शिता लाने में मदद मिलेगी, बल्कि कार्य में होने वाले अनावश्यक विलंब से भी बचा जा सकेगा। अतः विभाग में इस संबंध में पहले से ही प्रक्रिया पर कार्य शुरू करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों द्वारा नियुक्त एंजेसी के कर्मियों को दिए। सचिव सह आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा द्वारा विभागीय योजनाओं की सारगर्भित जानकारी दी गई एवं इसे पूर्ण करने की कार्ययोजना को प्रस्तुत किया गया। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने विभागीय वेबसाईट को अपडेट किए जाने के निर्देश दिए। प्रत्येक शाखा की पुरानी सामग्री एवं ई-कचरा अर्थात् खराब इलेक्ट्रॉनिक सामग्रियों को कैसे डिस्पाजल एवं नीलामी की कार्यवाही की जा सकती है, इसके संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आपने कार्यालय की साफ-सफाई पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने न्यायालयीन प्रकरणों का सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन एण्ट्री करने हेतु पोर्टल बनाने के निर्देश दिए। पीएम-जनमन योजना पर समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना हेतु आदिम जाति विभाग ही नोडल एजेंसी है अतः केन्द्र सरकार के गतिशक्ति पोर्टल की तरह ही राज्य स्तर पर भी डाटा संधारण हेतु एक पोर्टल बनाया जाए इस हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। वन अधिकार अधिनियम की समीक्षा करते हुए आपने ऑनलाइन पोर्टल में अपडेशन कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही इस संबंध में एक समय-सारणी जारी करने के भी निर्देश दिए गए। इसके अलावा अन्य विभागीय योजनाओं की अद्यतन प्रगति के संबंध में भी संक्षिप्त जानकारी ली गई एवं इसे पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में वित्त नियंत्रक आनंद तिवारी, कार्यपालन अभियंता त्रिदीप चक्रवर्ती, अपर संचालक संजय गौड, ए.आर. नवरंग, आर.एस.भोई, उपायुक्त प्रज्ञान सेठ, श्रीमती माया वारियर, बी. के. राजपूत सहित एनआईसी द्वारा नियुक्त एजेंसी के अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रमुख सचिव ने आदिम जाति विभाग का किया औचक निरीक्षण

अधिकारी कर्मचारियों ने ली नशा मुक्ति का संकल्प

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया। संकल्प लिया गया कि मुझे ज्ञात है कि नशापान से मानसिक असंतुलन की स्थिति बनती है। नशापान से कार्य करने की क्षमता कम हो जाती है, तथा व्यक्ति भ्रमित हो जाता है। नशापान से शारीरिक एवं मानसिक गंभीर व्याधियां होती है। नशापान से सामाजिक प्रतिष्ठा कम होती है तथा समाज से प्रायः उपेक्षा मिलती है। नशापान से पारिवारिक सुख एवं समृद्धि का अंत होता है, जिससे जीवन में भटकाव की स्थिति बनती है। नशापान से वातावरण प्रदूषित होता है, जिससे हमारे परिवार के बच्चे अधिक प्रभावित होते हैं। नशापान उच्च स्तरीय जीवन शैली का प्रतीक नहीं है, अपितु अज्ञानता में लिया गया निर्णय है। आगे यह भी संकल्प लिया गया कि अपने छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने, अपने परिवार में हर्षोल्लास रखने, तन, मन, धन को सुदृढ़ बनाने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए, सभी वर्ग के व्यक्तियों में नशापान के दुष्परिणाम को प्रचारित कर तथा यथा संभव नशा पीड़ितों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करता रहूंगा।

पहला कॉलम...

प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 9 जून को

मोहला (दावा)। प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 9 जून को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in पर डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए रजिस्ट्रेशन आईडी एवं दिए गए मोबाइल नंबर से लॉगिन करना होगा।

रेंगाकठेरा ग्राम विकास समिति की बैठक संपन्न

अवैध शराब व सट्टा के खिलाफ खोला मोर्चा

राजनांदगांव (दावा)। आज ग्राम रेंगाकठेरा ग्राम विकास समिति तत्वाधान एवं जनप्रतिनिधिओं की उपस्थिति में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया है। गांव में अवैध शराब बेचने वाले सट्टा लिखने वाले के खिलाफ एसपी आफिस संबंधित थाना पूरा गांव जाकर शिकायत किया जायेगा। पुलिस द्वारा उचित कार्यवाही नहीं करने की स्थिति में धरना प्रदर्शन चक्काजाम किस स्थिति में सब मिलकर एकता का परिचय देते हर हाल में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ जंग आगाज हुआ है। सार्वजनिक स्थल शराब पीने वाले, गाली गलौज वाद-विवाद करने अनैतिक कार्य करने उचित कार्यवाही करते हुए फोटो खींचकर उनके परिवार में फोटो प्रस्तुत किया जायेगा। उनके मां बाप को गांव समिति उपस्थित होकर 1000 रु. आर्थिक सहयोग देगा। देख कर गांव समिति सबूत के साथ गवाही देने वालो को प्रोत्साहन राशि 500 रुपए प्रदान किया जायेगा। गांव की भविष्य कि चिंता करते हुए सर्वसम्मति से फैसला लिया गया है, आने वाली सुरक्षा देखते गांव के माहौल सुधारने का फैसला, समस्त ग्राम वाशी से निवेदन सहयोग करें ताकि गांव का माहोल अच्छा हो अच्छा, बुरा दोनों माहोल का असर है हमारे परिवार को पड़ता अपने बच्चे की अच्छा भविष्य के लिए निःसंकोच निडर होकर हमारा सहयोग करें।

मध्यप्रदेश राज्य निर्मित 90 पौवा गोवा अंग्रेजी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

डोंगरगढ़ पुलिस की कार्यवाही

डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में दिनांक 30 जून को गस्त पेट्रोलिंग दौरान करबला चौक डोंगरगढ़ के पास आरोपी निखिल कुमार साहू पिता स्व. हेमंतदास साहू उम्र- 22 साल निवासी ग्राम अछोली को एक सफेद रंग के एक्टिवा स्कुटी वाहन में अवैध रूप से शराब परिवहन करते हुये पकड़ा गया।

पकड़े गए आरोपी से कुल 90 पौवा गोवा अंग्रेजी व्हीस्की अंग्रेजी शराब मध्यप्रदेश निर्मित कुल मात्रा- 16.200 बल्क लीटर किमती 11700 रू. एवं एक्टिवा स्कुटी वाहन को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा-34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को विधिवत गिर कर जेल भेजा गया है।

रेड कार्यवाही दौरान एक्टिवा वाहन के पीछे बैठे जो पुलिस को देखकर फरार हुये आरोपी पुनेश साहू एवं प्रकरण में शामिल एक अन्य आरोपी का पता तलाश की जा रही है व साथ ही शराब मंगाने व लाकर डंप करने वाले आरोपियों के संबंध में बारिकी से जांच कार्यवाही की जा रही है एवं उन लोगां के विरूद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

आरक्षक ने थाने में की खुदकुशी की कोशिश

बिलासपुर (आरएनएस)। शहर के सीपत थाने में पदस्थ एक आरक्षक ने टीआई की प्रताड़ना से तंग आकर थाने के भीतर ही फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। हालाकि थाना स्टाफने सूझबूझ दिखाते हुए आरक्षक को फंदे में झूलने से पहले ही उतार लिया।

मिली जानकारी के अनुसार सीपत थाने में पदस्थ आरक्षक धर्मेंद्र कश्यप गुरुवार को पुलिस चेकिंग के दौरान शराब पीकर चेकिंग में पहुंचा था, जिसके बाद थाना प्रभारी कृष्ण सिदार ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया। इससे क्षुब्ध होकर आरक्षक ने थाने के अंदर ही गमछा बांधकर आत्महत्या करने की कोशिश की। इस दौरान पास में मौजूद पुलिसकर्मियों ने बड़ी मुश्किल से आरक्षक धर्मेंद्र कश्यप को समझाया, और आत्महत्या करने से रोका। बताया जाता है कि इस पूरे वाक्ये के बाद आरक्षक को लाइन हाजिर कर दिया गया है वहीं मामले की जांच डीएसपी द्वारा की जा रही है।

ओ.डी.एफ.प्लस मॉडल का क्रियान्वयन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर मास्टर ट्रेनर तैयार

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। जनपद पंचायत अम्बागढ़ चौकी के सभा कक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण विकासखण्ड स्तर पर 30 मई 2024 को आयोजित किया गया। कार्यशाला में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस - 02 अंतर्गत डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का कार्य निरन्तर किया जाना, साथ ही तरल अपशिष्ट के लिए सोकपिट के माध्यम से प्रबंधन करना, जिससे गांव से निकलने वाले पानी का सुरक्षित निपटान हो सके साथ ही व्यक्तिगत शौचालय स्थायित्व बना रहे कचरा संग्रहण हेतु महिला स्वच्छता दीदीयों द्वारा ट्राई-सायकल के माध्यम से सेग्रीग्रेसन शेड मे लाने के बाद ठोस एवं तरल कचरे का उचित प्रबंधन, पीपीई कीट का उपयोग एवं रखरखाव हेतु इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर के रूप मे आये महिला स्व सहायता समूह के कचरा संग्रहण करने वाले दीदीयों एवं ग्राम पंचायत सचिव को एबीस 'पहल' द्वारा पीपीई कीट (पारदर्शिता जैकेट, मास्क, ग्लब्स) प्रदान किए गये, सी.ई.ओ. जनपद पंचायत अं.चौकी, पियवंदा रामटेके एवं जिला समन्वयक राजनादगांव छोटेलाल साहू स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), के द्वारा पीपीई कीट का उपयोग एवं रखरखाव के बारे में जानकारी के साथ एबीस 'पहल' टीम साथ मिलकर पीपीई कीट वितरीत किए गए। विकासखण्ड समन्वयक चन्द्रशेखर सिन्हा, वाटर-एड जिला समन्वयक राजू राठौर, यूनिसेफ से बसंत मारकण्डे गांव स्तर पर कचरा संग्रहण को एक बिजनेस मॉडल में स्थापित करने हेतु जानकारी दिए गए। इस अवसर पर एबीस 'पहल' टीम से पुनेश वर्मा, परमानंद देवांगन, तेजकरण करवाड़े उपस्थित थे।

आराधना अंतर्राष्ट्रीय साहित्य समूह ने पांचवॉ स्थापना दिवस मनाया

डोंगरगांव (दावा)। साहित्य सेवा के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डोंगरगांव को पहचान देने वाली आराधना अंतर्राष्ट्रीय साहित्य समूह डोंगरगांव के द्वारा अपना पांचवॉ स्थापना दिवस और आराधना के स्वर साझा काव्य संग्रह का आभासी आयोजन गूगल मीट के माध्यम से किया गया। इस आयोजन को यू ट्यूब पर सीधा प्रसारण किया गया। नगर के स्वनामधन्य साहित्यकार, रंगकर्मी, गीतकार, मंच संचालक, समाजसेवी व शिक्षक गजेन्द्र हरिहारनो 'दीप' के द्वारा स्थापित, संचालित इस साहित्यिक समूह का आयोजन दो सत्रों में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि वैशाली रस्तोगी जकार्ता इंडोनेशिया, डॉ. बैजनाथ शर्मा 'मिन्टू' दोहा क़तर थे। अध्यक्षता मधु शर्मा 'मोहना' न्यूयॉर्क यू.एस.ए. व डॉ. प्रतिभा गर्ग सिंगापुर ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती प्रेम मंगल न्यूयॉर्क यूएसए तथा जय प्रकाश अग्रवाल काठमांडू नेपाल उपस्थित रहे। सरस्वती वंदना तथा स्वागत संबोधन पश्चात् आराधना के स्वर साझा काव्य संग्रह का ऑनलाइन विमोचन किया गया, तत्पश्चात निशा अतुल्य देहरादून, रीता लोधा चाकुलिया झारखंड, बबीता माँधणा शालीमार कोलकाता, चमेली सुवासिता जगदलपुर, नीलू मेहरा कोलकाता व स्नेह लता पांडेय स्नेह के सुमधुर संचालन में देश के विभिन्न प्रांतों के लगभग 70 रचनाकारों के द्वारा काव्य पाठ किया गया। डॉ. चंदा गुप्ता नेह मॉरीशस, अखिलेश्वर मिश्रा जनता पिनकापार तथा मीरा आर्ची चौहान के द्वारा क्रमशः स्वागत संबोधन एवं आभार प्रकट किया गया। ज्ञातव्य हो कि आराधना के स्वर साझा काव्य संग्रह का ऑनलाइन विमोचन दिल्ली के हिन्दी भवन में 15 जून को एक भव्य समारोह के मध्य किया जाएगा। देश-विदेश के रचनाकारों एवं साहित्य प्रेमियों के द्वारा यादगार आभासी आयोजन हेतु बधाई संदेश प्रेषित किया गया।

नगर निगम के सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई बिदाई

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम के सभागृह में आयुक्त अभिषेक गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में जल विभाग में पंप कुली के पद पर कार्यरत कर्मचारी गोपाल साहू एवं स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सफाईकर्मी श्रीमती माधुरी सुभाष व श्रीमती कौशल्या बाई को सेवानिवृत्त होने पर भावपूर्वक बिदाई दी गयी।

कार्यक्रम में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल, समाज कल्याण अधिकारी भूपेन्द्र वाडेकर द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया गया।

बिदाई अवसर पर आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि हमारे तीनों कर्मचारी अपने जीवन का बहुत बड़ा भाग इस संस्था को दिया, और आज 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे है। इन्होंने स्वास्थ्य एवं जल जैसे महत्वपूर्ण विभाग में कुशलतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वाहन किये और आज के बाद समर्पित होकर वे अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वाहन करेगे। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त पश्चात जो प्रक्रिया होगी उसे जल्द पूर्ण किया जायेगा, इसके अलावा जब भी आवश्यकता होगी निगम परिवार आपके साथ खड़ा रहेगा। मैं आप लोगों के आगे की अच्छी जीवन के लिये शुभकामनाएं देता हूँ।

कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके ने अपने संबोधन में कहा कि तीनों कर्मचारी लगभग 40 वर्ष का सेवाकाल व्यतीत कर आज सेवानिवृत्त हो रहे है, इन्होने अपने उर्म का आधा से अधिक समय यहा व्यतीत किये और जनता से सीधे जुडे विभाग में निष्ठापूर्वक कार्य कर अपनी पहचान बनाकर आज अपने कार्यो से मुक्त हो रहे है। मै इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ। स्वास्थ्य अधिकारी श्री अग्रवाल ने भी तीनों कर्मचारियों को आने वाले अच्छे भविष्य की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि सफाई जैसे कार्यो को इन्होंने मेहनत व लगन से कार्य किये, इसी प्रकार जल विभाग में भी श्री साहू ने अपने कार्यो का कुशलता से निर्वाहन किया। बिदाई समारोह का आभार प्रदर्शन समाजकल्याण अधिकारी भूपेन्द्र वाडेकर ने एवं संचालन प्र.कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे ने किया। इस अवसर पर सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे, लेखापाल शैलेष पाण्डे व पंकज साहू, प्र. निगम सचिव नारायण यादव, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

जिन किसानों को धान का बोनस राशि प्राप्त नहीं हुआ हो, ऐसे किसान संबंधित सहकारी समिति से संपर्क कर सकते हैं

मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के किसानों से समर्थन मूल्य पर वर्ष 2014-15 एवं 15-16 में खरीदे गये धान का बकाया बोनस राशि दिया जा रहा है। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के ऐसे किसान जिन्होंने 2014-15 एवं 15-16 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया था। जिन्हें बकाया बोनस राशि प्राप्त नही हुआ है। वे संबंधित सहकारी समिति से संपर्क कर सकते है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी श्याम लाल ठाकुर ने बताया कि जिन किसानों कों धान का बकाया बोनस राशि प्राप्त नहीं हुआ है, ऐसे किसान अपने संबंधित सहकारी समिति से संपर्क कर सकते हैं। धान का बकाया बोनस राशि प्राप्त करने के लिए संबंधित किसान आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित सहकारी समिति से संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। ऐसे किसान जिनका मृत्यु हो गया हो, ऐसी दशा में मृत्यु का प्रमाण पत्र, नॉमिनी का आधार कार्ड, बैंक पास बुक की फोटोकॉपी, धान विक्रय की पावती के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करना होगा। इसी तरह जीवित किसानों को धान विक्रय की पावती, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की फोटो कॉपी के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करना होगा। उल्लेखनीय है कि मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत इस अवधि के 208 किसानों का धान बोनस बकाया है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के द्वारा धान का बकाया बोनस जिन किसानों को प्राप्त नही हुआ है, ऐसे किसानों से संपर्क किया गया है। इनमें से 26 किसान जों जिले से बाहर निवासरत हैं, उनसे संपर्क नहीं किया जा सका है।

शेष किसानों से संपर्क कर लिया गया है। और उन्हें धान का बकाया बोनस राशि लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। गांव से बाहर निवासरत किसान जिससे संपर्क नहीं किया जा सका है, उनसे संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। जिन किसानों को बोनस राशि प्राप्त नही हुआ है, ऐसे किसानों की सूची संबंधित सहकारी समिति के सूचना पटल पर चस्पा की गई है।

केन्द्रीय संस्कृति सचिव ने अंकुश के कलाकार्यो को सराहा

भिलाई (दावा)। संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली के संस्कृति सचिव मोहन गोपाल ने भारतीय कलाजगत में डॉ.अंकुश देवांगन द्वारा किए गए कलाकार्य और समाजसेवा के लिए उनकी सराहना की। विगत दिनों नई दिल्ली स्थित इंडिया हेबिटेट सेन्टर में देश भर से आए हुए कलाकारो के बीच अंकुश ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला-संस्कृति का विशद वर्णन किया।

ज्ञात हो कि अंकुश देवांगन ने न सिर्फ छत्तीसगढ़ वरन देश के अनेक शहरों में एक से बढ़कर एक कलाकृतियों का निर्माण किया है। उनकी बनाई अनेक कृतियां चार-छह मंजिल इमारत जितनी ऊंची है। भिलाई में उन्होंने सिविक सेंटर में कृष्ण-अर्जुन रथ, सेल परिवार चौक, भिलाई निवास में नटराज, रूआबाधा में पंथी चौक, बोरिया गेट में प्रधानमंत्री ट्राफी चौक, सेक्टर 1 में श्रमवीर चौक, सेक्टर 8 के सुनीति उद्यान में एथिक्स कलाकृतियो का निर्माण किया है। सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेला हरियाणा, वसुंधरा उद्यान दुर्गापुर स्टील प्लांट, पुरखौती मुक्तागन रायपुर, राजभवन भोपाल, मदकूद्वीप, विश्व का सबसे बड़ा लौहरथ दल्ली राजहरा उनके कालजयी कलाकृतियों की दास्तान है। उन्हें अपनी कलाओं के लिए दो बार लिम्का एवं एक बार गोल्डन बुक ऑफ द वर्ल्ड रिकॉर्ड का एवार्ड मिल चुका है। कला के द्वारा समाजसेवा की भी वे अलख जगा रहे हैं। वे छत्तीसगढ़ के नक्सली क्षेत्र से लगे हुए दल्ली राजहरा मे पैदा हुए हैं। उन्होंने देखा है कि बीहड़ क्षेत्र के बच्चे जल्दी ही नक्सलियों के बहकावे में आ जाते हैं परन्तु जिन्हें कला प्रशिक्षण दिया जाता है वे सभ्य नागरिक बन रहे हैं। तब से बच्चों को कला प्रशिक्षण देना उन्होंने अपना जीवन लक्ष्य बना लिया है। वे छत्तीसगढ़ के धुर नक्सल प्रभावित इलाकों में लगभग 35 वर्षो से कलाप्रदर्शनी तथा कला प्रशिक्षण देते आ रहे हैं ताकि यहां के बच्चे हिंसा के क्षेत्र में न जाएं और सृजनशील बनें। जिसका उचित प्रतिफल भी सामने आते रहा है। वे जानते हैं कि उनके इन छोटे-छोटे कार्यो से कोई बड़ी क्रांति नही आ जाएगी किन्तु यदि इससे एक भी बच्चा हिंसा के रास्ते में जाने से बच गया तो वह और उसकी कला धन्य हो जाएगी। उनकी कला और समाजसेवा से प्रभावित होकर केंद्र सरकार ने उन्हें ललित कला अकादमी की मानद सदस्यता प्रदान की है। जहां वे छत्तीसगढ़ राज्य के पहले कलाकार बने हैं जिन्हें इसके एक्जीक्यूटिव बोर्ड में चुने जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। अपने प्रथम बोर्ड मीटिंग मे ही उन्होंने भिलाई मे ललित कला के रीजनल सेन्टर की मांग की थी जो अब पूर्णता की कगार पर है।

बहरहाल अंकुश ने नई दिल्ली में संस्कृति सचिव तथा सभा को बताया कि छत्तीसगढ़ क्षेत्र पहले दक्षिण कोसल कहलाता था जो भगवान श्रीराम का ननिहाल रहा है। यही कारण है कि पूरे भारतवर्ष में सिर्फ यही प्रक्षेत्र है जहां भांजे के चरण छूए जाते हैं। छत्तीसगढ़ की इस पौराणिक परम्परा का आए हुए वरिष्ठ आई.ए.एस. एवं अन्य अतिथियों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस दौरान नेशनल गैलरी आफ मार्डन आर्ट के डायरेक्टर जनरल संजीव जी तथा ललित कला अकादमी बोर्ड मेम्बर के सदस्य तथा केंद्र सरकार के अनेक अधिकारीगण मौजूद थे। अंकुश ने संस्कृति सचिव से भिलाई में ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर को शीघ्र शुरू करने की बात रखी जिस पर उन्होंने नया सरकार बनते ही हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति के वैभव को प्रसारित करने पर ललित कला समूह से प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी, विजय शर्मा, मोहन बराल, पी.वाल्सन, उमाकांत ठाकुर, कमलेश सक्सेना, विनीता गुप्ता, प्रवीण कालमेघ, मीना देवांगन एवं साहित्यकार मेनका वर्मा ने हर्ष जताया है।

टेड़ेसरा कम्पनी में कार्य के दौरान श्रमिक गीतेश्वर साहू की दुर्घटना से मौत

टेडेसरा (दावा)। आदित्य कंस्ट्रक्शन प्रा.लि. टेड़ेसरा कम्पनी में कार्य के दौरान श्रमिक गीतेश्वर साहू दुर्घटना का शिकार हुए थे, जिस पर मृतक श्रमिक के परिवार व ग्रामीण छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भीमराव बागड़े के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया, जिसमें सुरक्षा के उपकरण नहीं मिलने के कारण हुई दुर्घटना के लिए कम्पनी मालिक आदित्य तथा जनरल मैनेजर के विरूद्ध एफ.आई.आर दर्ज करने तथा आश्रित परिवार को मुआवजा व पेंशन दिलाये जाने की मांग की गई। राजनांदगाँव तहसीलदार व सोमनी टी.आई. की मध्यस्थता में कई दौर की बैठक में शाम 7 बजे सहमति हुई थी दाह संस्कार के लिए 1 लाख रूपये तथा 14 लाख का चेक, कुल 15 लाख मुआवजा देने की सहमति हुई तथा भविष्य निधि कार्यालय से मृतक श्रमिक की पत्नी व दो छोटे बच्चों को पेंशन दिलाने सहमति हुई है।

यह लिखित समझौता रात 8 बजे हुआ, जिसमें कम्पनी एवं प्रबंधकों के अलावा छ.मु.मो के अध्यक्ष भीमराव बागड़े, टेड़ेसरा के उपसरपंच देवलाल साहू, तुलसी देवदास, पूनाराम साहू, रमाकांत बंजारे सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किये गये, हस्ताक्षर करने के पश्चात् धरना समाप्त किया गया। उक्त जानकारी छ.मु.मो के महासचिव पूनाराम साहू के द्वारा दी गई।

पहला कॉलम...

शेयर बाजार, सेंसेक्स में 456 अंक का उछाल

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार में महीने के आखिरी दिन उछाल देखने को मिला. इसी के साथ ही सेंसेक्स में 456 अंक की तेजी दर्ज की गई. दरअसल, कुछ ही दिन में चौथी तिमाही के आर्थिक आंकड़े जारी होने वाले हैं. इसी बीच शेयर बाजार में एक बार फिर से रौनक लौट आई. लगातार पांच दिनों की गिरावट के बाद शुक्रवार को कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन बाजार में उछाल देखने को मिला. बाजार के खुलने के बाद सेंसेक्स लगभग 350 अंक का उछाल दर्ज किया गया.

कारोबारी सप्ताह के आखिरी जब सुबह 9.15 बजे बाजार खुलते ही बीएसई सेंसेक्स 300 अंक के उछाल के साथ ओपन हुआ. बाजार की शुरुआत अच्छी होने से निवेशकों को भी थोड़ी राहत मिली. क्योंकि सुबह 9.20 बजे बीएसई सेंसेक्स लगभग 450 अंक के ऊछाल के साथ कारोबार करता दिखा. इसके बाद ये उछलकर 74,440 अंक पर पहुंच गया. जबकि निफ्टी लगभग 125 अंक की तेजी देखने को मिली. इसके बाद ये उछलकर 22,615 अंक के लेवल पर पहुंच गया.

बैन रोकने के लिए केवल यूएस एल्गोरिदम लाने की रिपोर्ट का टिकटॉक ने किया खंडन

नई दिल्ली। अमेरिका में बैन का सामना कर रहे चीनी शॉर्ट वीडियो ऐप टिकटॉक ने शुक्रवार को उस मीडिया रिपोर्ट का खंडन कर दिया, जिसमें ये बताया गया था कि कंपनी अपने सोर्स कोड को बांटने का काम कर रही है और केवल यूएस के लिए एक अलग एल्गोरिदम लाने जा रही है।रिपोर्ट में दावा किया गया था कि टिकटॉक एक नए वर्जन पर काम कर रहा है और इसकी एल्गोरिदम प्रवर्तक कंपनी बाइटडांस की ओर से ऑपरेट किए जाने वाले वर्जन डौयिन से बिल्कुल स्वतंत्र रूप में कार्य करेगी। टिक टॉक की ओर से सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर की गई एक पोस्ट में लिखा गया कि रॉयटर्स की ओर से आज जो स्टोरी पब्लिश की गई है वह पूरी तरह गलत है।

विपुल ऑर्गेनिक्स क्यू4 परिणामः चौथी तिमाही का मुनाफा तीन गुना से अधिक हुआ

नईदिल्ली, 31 मई। विशेष रसायन कंपनी विपुल ऑर्गेनिक्स का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना से अधिक होकर 1.07 करोड़ रुपये रहा। कपंनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 29 लाख रुपये रहा था। विपुल ऑर्गेनिक्स की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान कुल आय बढ़कर 40.54 करोड़ रुपये हो गई। वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में आय 31.33 करोड़ रुपये थी। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में एकीकृत शुद्ध लाभ 3.34 करोड़ रुपये रहा। विपुल ऑर्गेनिक्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विपुल पी. शाह ने कहा, हमने तिमाही और सालाना आधार पर मजबूत वृद्धि देखी है। हमारी घरेलू बिक्री में तेजी देखी जा रही है। हमें उम्मीद है कि आने वाला साल बेहतर रहेगा क्योंकि हमने कागज, सौंदर्य प्रसाधन और बीज रंगाई जैसे नए क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है।

जर्मनी में इस्लाम विरोधी सभा के दौरान कई लोगों को चाकू मारा, पुलिस ने चलाई गोली

बर्लिन। जर्मनी के मैनहेम शहर में शुक्रवार को इस्लाम विरोधी सभा के दौरान एक व्यक्ति ने कई लोगों पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में कई लोग घायल हुए हैं।घटना सुबह 11:30 बजे डाउनटाउन इलाके के व्यस्त चौराहे पर हुई। घायलों में इस्लाम आलोचक माइकल स्टुरजेनबर्गर भी बताए जा रहे हैं।घटना के दौरान जब हमलावर लोगों को चाकू मार रहा था, तब पुलिस को उस पर गोली चलानी पड़ी। आरोपी व्यक्ति पुलिस के कब्जे में है।

रिपोर्ट के मुताबिक, जर्मन इस्लाम विरोधी अभियान समूह सिटिजन्स मूवमेंट पैक्स यूरोपा की ओर से एक सभा का आयोजन किया गया था, तभी व्यक्ति ने कार्यकर्ताओं पर हमला किया।घटना से संबंधित वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें हमलावर चाकू से हमला करता नजर आ रहा है।हमलावर ने एक पुलिस अधिकारी को भी चाकू मारा, जिसके बाद पुलिस ने गोली मारकर उसे गिरा दिया। आरोपी व्यक्ति और घायलों की जानकारी साझा नहीं की गई है।

अफगानिस्तान में पांच मानव तस्कर और 26 अन्य अपराधी गिरफ्तार

काबुल। अफगानिस्तान के गृह मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि पुलिस ने पश्चिमी हेरात प्रांत में मानव तस्करी के सिलसिले में पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता मुफ्ती अब्दुल मतीन कानी ने सोशल मीडिया पर बताया, पुलिस ने संदिग्धों को बुधवार को प्रांत के कुशक जिले में एक सैन्य अभियान के दौरान गिरफ्तार किया।

टी20 विश्व कप : वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को वॉर्मअप मैच में हराया

पोर्ट ऑफ स्पेन, 31 मई। टी20 विश्व कप 2024 के सह-मेजबान वेस्टइंडीज ने टूर्नामेंट के वॉर्म-अप मैच में भारतीय समयानुसार शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया को 35 रन से हरा दिया।

क्वींस पार्क ओवल में टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने पहले गेंदबाजी चुनी। वेस्टइंडीज ने चार विकेट के नुकसान पर 257 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसमें निकोलस पूरन ने सबसे ज्यादा 75 रन बनाए।

कप्तान रोवमैन पॉवेल (52), शेरफेन रदरफोर्ड (नाबाद 47 रन) और सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स (40) ने भी शानदार प्रदर्शन किया। दो बार के चैंपियन ने शानदार पावर-हिटिंग से घरेलू दर्शकों का रोमांच डबल कर दिया।

वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की खूब धुनाई की। एडम ज़म्पा ने अपने चार ओवरों में 62 रन दिए और दो विकेट लिए।

जवाब में ऑस्ट्रेलिया 20 ओवर में सात विकेट पर 222 रन ही बना सका। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एकमात्र अर्धशतक जोश इंग्लिस के बल्ले से निकला। इंग्लिस ने 55 रन बनाए।

स्पिनर गुडाकेश मोती (2/31) और तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ (2/44) ने मेजबान टीम के लिए सबसे सफल गेंदबाज रहे।

इस साल का टी20 विश्व कप 2 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया 6 जून को ओमान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा, जबकि वेस्टइंडीज अपना पहला मैच पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ 2 जून को खेलेगा।विश्व कप के सह-मेजबान वेस्टइंडीज के लिए यह एक शानदार शुरुआत है। बीते कुछ साल इस धाकड़ टीम के लिए ज्यादा अच्छे नहीं रहे हैं। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया की फुल स्ट्रेंथ टीम को हराना उनके आगामी विश्व कप की मजबूत तैयारियों की गवाही दे रहा है।

डीजीसीए का एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस

नई दिल्ली ।डीजीसीए ने एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में अत्यधिक देरी और यात्रियों की देखभाल न करने के मामले में नाराजगी जताई गई है।

एयर इंडिया का एक विमान तकनीकी खामियों के कारण सैन फ्रांसिस्को के लिए उड़ान नहीं भर सका। इस वजह से यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। अब नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया की दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में अत्यधिक देरी और यात्रियों की देखभाल न करने के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

बता दें कि सैन फ्रांसिस्को जाने वाले एयर इंडिया के विमान को दिल्ली से गुरुवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उड़ान भरनी थी। तकनीकी खामियों के कारण उड़ान में काफी देरी हुई और यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। एयर इंडिया के अधिकारियों ने बताया के इसके बाद उड़ान का समय शुक्रवार दोपहर के लिए पुनर्निधारित किया गया।

डीजीसीए ने पहला कारण बताओ नोटिस 30 मई को दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एआई 183 की उड़ान में अत्यधिक देरी के लिए जारी किया है। इसके अलावा 24 मई को मुंबई से सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एआई 179 विमान की अंतरराष्ट्रीय उड़ान में भी अत्यधिक देरी के लिए नोटिस जारी किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एयर इंडिया की उड़ानों में देरी और यात्रियों को होने वाली परेशानी का संज्ञान लिया।

अजारेंका को हराकर मीरा एंड्रीवा तीसरे दौर में

पेरिस। उभरती युवा खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने सनसनीखेज प्रदर्शन करते हुए पूर्व विश्व नंबर एक विक्टोरिया अजारेंका को गुरूवार को देर रात के मुकाबले में 6-3, 3-6, 7-5 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया

17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा ने 19वीं सीड अजारेंका पर दो घंटे 31 मिनट में जीत हासिल की। मैच पेरिस में स्थानीय समयानुसार देर रात एक बजे (भारतीय समयानुसार तड़के 4ः30 बजे) समाप्त हुआ।

डब्लूटीए से प्राप्त जानकारी के अनुसार मीरा एंड्रीवा, जो पिछले वर्ष डब्लूटीए की न्यूकमर ऑफ द ईयर रही थीं, इस सत्र में पहले ही पांच टॉप 25 जीत दर्ज कर चुकी हैं। उन्होंने एक महीने पहले मार्केटा वोन्द्रूसोवा और जास्मिन पाओलिनी को मैड्रिड में हराया था।

विश्व की 38वें नंबर की खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा अपने युवा करियर में तीसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम के राउंड ऑफ़ 16 में प्रवेश करने की तरफ देखेंगी जब उनका मुकाबला एक और उभरती खिलाड़ी अमेरिका की पेटन स्टर्न्स से होगा। स्टर्न्स ने एक और उलटफेर भरी जीत दर्ज करते हुए 10वीं सीड डारिया कसात्किना को 7-5, 6-2 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में जगह बनायी।

भारत ने ब्रिटेन से 100 टन गोल्ड वापस लाया

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने विदेश में रखे सोने को वापस मंगवा लिया है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने बताया कि आरबीआई ने ब्रिटेन से 100 टन गोल्ड वापस मंगवाया है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और भारत के प्रधान मंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने आज एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि भारत अब अपना अधिकांश सोना अपनी तिजोरियों में रखेगा।

आरबीआई ने बताया कि भारत के पास विशाल विदेशी मुद्रा भंडार है। आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले कारोबारी साल तक विदेशी मुद्रा भंडार में 822.10 टन सोना था। वहीं, फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में विदेशी मुद्रा भंडार में 794.63 टन से ज्यादा का सोना था। आपको बता दें कि साल 1991 में मौजूद सरकार ने वित्तीय संकट को निपटाने के लिए गोल्ड को गिरवी रखा था। उस वक्त आरबीआई ने बैंक ऑफ इंग?लैंड और बैंक ऑफ जापान के पास 46.91 टन सोना गिरवी रखा था ताकि वह 400 मिलियन डॉलर इकट्ठा कर पाए।बैंकिंग विभाग की संपत्ति के रूप में रखे गए सोने का मूल्य 31 मार्च, 2023 तक 2,30,733.95 करोड़ रुपये से 19.06 प्रतिशत बढ़कर 31 मार्च, 2024 तक 2,74,714.27 करोड़ रुपये हो गया।

हर साल सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। दुनिया में सोने की मांग में बढ़ोतरी हो रही है। सोने की कीमतों में इजाफा की वजह पश्चिम एशिया में लंबे समय तक चले भू-राजनीतिक संघर्ष भी है। वहीं, आरबीआई सहित कई केंद्रीय बैंकों द्वारा गोल्ड खरीदारी और भौतिक सोने की मांग में वृद्धि की वजह से भी गोल्ड की कीमतों में तेजी आई है। वैश्विक स्तर पर केंद्रीय बैंक सोने का भंडार बढ़ा रहे हैं, जिसे अक्सर मुद्रा की अस्थिरता और भू-राजनीतिक जोखिमों के खिलाफ बचाव के रूप में देखा जाता है।

बर्नडाइन बेजुइडनहॉट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेटर बर्नडाइन बेजुइडनहॉट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया है, लेकिन अगले सत्र में वह घरेलू क्रिकेट में खेलना जारी रखेंगी।दक्षिण अफ्रीका में जन्मी बर्नडाइन बेजुइडनहॉट ने 2014 में दक्षिण अफ्रीका के लिए डेब्यू किया था। हालांकि, इसके बाद वह न्यूजीलैंड चली गईं और 2018 में व्हाइट फर्न्स के लिए डेब्यू किया।

वह उन 9 महिला क्रिकेटरों में से एक हैं, जिन्होंने दो देशों का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए चार वनडे, सात टी20 मैच और न्यूजीलैंड के लिए 16 वनडे, 22 टी20 मैच खेले हैं।न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बर्नडाइन बेजुइडनहॉट के हवाले से कहा, यह बहुत शानदार सफर रहा है। व्हाइट फर्न्स के लिए खेलना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान रहा है। यहां मुझे मेरे जीवन की सबसे प्यारी यादें मिली। इस यात्रा ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है और मैं हमेशा उन सभी की आभारी रहूंगी, जो मेरे साथ इस राह पर रहे हैं।क्रिकेट के अलावा, बर्नडाइन बेजुइडनहॉट ने गैर-लाभकारी और सोशल वर्क में भी खूब नाम कमाया है। उन्होंने ईपीआईसी स्पोर्ट्स प्रोजेक्ट चैरिटेबल ट्रस्ट की स्थापना की है, जिसका उद्देश्य उच्च-वंचित समुदायों में युवा लोगों में आशा और अपनेपन को प्रेरित करने और खेल में भागीदारी की बाधाओं को तोड़ने के लिए खेल का उपयोग करना है।बर्नडाइन बेजुइडनहॉट ने कहा कि उनके रिटायर होने के फैसले में उनके चैरिटेबल ट्रस्ट की भी एक बड़ी भूमिका रही। उन्होंने कहा, मैं इस फैसले से संतुष्ट हूं, लेकिन यह फैसला लेना आसान नहीं था। पिछले कुछ समय से मैंने अपने काम और खेल करियर के बीच संतुलन बनाने के लिए काफी संघर्ष किया।

जल गया पुतिन का मकान, यहीं रूसी राष्ट्रपति लेते थे 'ब्लड बाथ'

नई दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का आलीशान मकान आग में जलकर राख हो गया है। साइबेरिया के अल्ताई माउंटेन में मौजूद रूसी राष्ट्रपति के घर में आग कैसे लगी यह एक रहस्य बनी हुई है।

हालांकि, आरोप लगाया जा रहा है कि इस घटना के पीछे यूक्रेन का हाथ हो सकता है। यह महल अल्ताई गणराज्य के ओंगुडेस्की जिले में स्थित है, जो साइबेरिया का एक क्षेत्र है जो मंगोलिया, चीन और कजाकिस्तान की सीमा से लगा हुआ है।

मकान जलने की खबर ब्लॉगर अमीर अयोताशेव (द्व4ह्य ,द्वह्लड्ड-ह्यद्धद्ग1) और अरुणा अर्ना ने दी। उन्होंने घर में आग लगने की कुछ तस्वीरें साझा की। इन तस्वीरों की सच्चाई जानने के लिए सिरेना अखबार ने जांच-पड़ताल की। सिरेना न्यूज ने आधिकारिक बयान लेने की कोशिश की लेकिन पुतिन की टीम से कोई जवाब नहीं आया।

मकान के करीब नहीं जा सकते आम नागरिक

जिस इलाके में ये मकान है, वहां आम नागरिक नहीं जा सकते। कई मीडिया रिपोर्ट्स के जरिये ये जानकारी सामने आई है कि इस मकान के करीब एक फार्म है, जहां हिरण को पाला जाता है। इन हिरणों के सींग के खून से पुतिन नहाते हैं। दावा किया गया है कि खून से नहाने के कई तरह की शारीरिक बीमारियों के अलावा यौन क्षमता भी बढ़ जाती है।

दरअसल, इस मकान के करीब एक परमाणु बंकर है, जिसमें कथित तौर पर 100,000 लोग रह सकते हैं। जब ये मकान निर्मित की जा रही थी तो बड़े-बड़े जर्मन एक्सेवेटर्स आए थे।

प्रथम पेज का शेष

कातिल गर्मी! यूपी में 24...

शुक्रवार को मथुरा-वृंदावन प्रदेश में सर्वाधिक तापमान वाले स्थान रहे। यहां अधिकतम तापमान 48.2 डिग्री सेल्सिसय दर्ज किया गया। राजस्थान में तेज गर्मी के कारण प्रदेश के गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म की भरतपुर में जनसुनवाई करते हुए तबीयत बिगड़ गई। राजस्थान में मरने वालों में धौलपुर में पुलिस के एक सिपाही, अलवर में 70 वर्षीय बुजुर्ग और टोंक में दो किसान शामिल हैं।

पहाड़ों में भी जनजीवन प्रभावित- उत्तराखंड में पहाड़ से मैदान तक आसमान से आग बरस रही है। खासकर मैदानी क्षेत्रों में लू के थपेड़ों से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। देहरादून में अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले वर्ष 2012 में 30 मई को अधिकतम तापमान 43.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। हिमाचल प्रदेश में भी शुक्रवार को भी कई क्षेत्रों में लू चली। हमीरपुर में अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि ऊना में 45 डिग्री सेल्सियस रहा।

राजस्थान के मंत्री बोले- राहत का प्रावधान नहीं- राजस्थान के कृषि एवं आपदा राहत मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि लू मौत पर मुआवजे का प्रावधान नहीं है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से इस बारे में केंद्र सरकार को पत्र लिखवाकर लू से हुई मौतों को एसडीआरएफ में शामिल करने का आग्रह करेंगे। बता दें, गुरुवार को राजस्थान हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वे लू जाने गंवाने वालों के आश्रितों को मुआवजा दें। नई दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एअर इंडिया की उड़ान में 23 घंटे से अधिक की देरी होने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्रियों को बिना एसी चालू किए विमान में चढ़ाया गया था। विमान में एसी चालू नहीं होने से गर्मी के कारण कुछ यात्री बेहोश हो गए। एक सप्ताह में यह दूसरी बार है जब सैन फ्रांसिस्को उड़ान में एअर इंडिया के यात्रियों को अत्यधिक देरी के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा है। नागर विमानन महानिदेशालय ने दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में अत्यधिक देरी के कारण यात्रियों को हुई परेशानी के लिए शुक्रवार को एअर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

साय सरकार सीख रही छत्तीसगढ़...

स्पीड और इनोवेशन पर जोर देते हैं। बदलते अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य और समय को देखते हुए विकसित भारत का विजन तैयार किया गया है जिससे भारत अपनी विशिष्ट जगह बना सके। उन्होंने कहा कि अब दुनिया की निगाहें ग्लोबल साउथ पर हैं। अब नजरिया पश्चिम से पूर्व की ओर देखने का है और भारत इन संभावनाओं को पूरा करने के लिए सक्षम है।

उन्होंने कहा कि भारत की जनांकिकी, भारत की रणनीतिक स्थिति और भारत में तेजी से हुए सुधारों से इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए भारत तैयार है, चाहे डिजिटल इकोनॉमी हो, अथवा कर संबंधी सुधार हो, या नवाचार को बढ़ावा देना हो, भारत इसमें अग्रणी रहा है और आने वाले समय में इन्हें तेजी से बढ़ाना है। विकसित भारत सबके लिए समृद्धि लेकर आये, इसके लिए कार्य करना है।

ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देना जरूरी- सीईओ ने कहा कि क्लाइमेट चेंज जैसी समस्याओं को देखते हुए ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देते हुए सतत विकास की दिशा में काम करना है। उन्होंने कहा कि जब हम विजन लेकर चलते हैं तो स्वाभाविक रूप से हमें एक गाइड मैप मिल जाता है और इसके अनुरूप हम बढ़ते जाते हैं। सुब्रमण्यम ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करने में छत्तीसगढ़ की अहम भागीदारी होगी। छत्तीसगढ़ में विकसित राज्य बनने के लिए और तीव्र विकास के लिए असीम संभावनाएं हैं और इस दिशा में आगे बढ़कर छत्तीसगढ़ अपने विकास के साथ ही विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अधिकारियों ने बताया कि मंत्रियों ने संवाद में भागीदारी करते हुए छत्तीसगढ़ में इस संबंध में बनाई जा रही नीतियों के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने सुब्रमण्यम के सामने अपनी जिज्ञासाएं भी रखीं।

'मोदी ने अपने ध्यान के दूसरे दिन...

बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक जहाजों को तटरेखा के करीब पानी में चौबीसों घंटे गश्त के लिए तैनात किया गया है, जबकि तमिलनाडु समुद्री पुलिस का तटीय सुरक्षा समूह (सीएसजी) भी इस यात्रा को लेकर कड़ी निगरानी रख रहा है।

कांग्रेस ने एग्जिट पोल का हिस्सा.....

कांग्रेस को हार के बाद याद आती है ईवीएम- उन्होंने कहा कि कांग्रेस जीतती है तो उसे ईवीएम या चुनावी प्रक्रिया से कोई शिकायत नहीं होती। हिमाचल और तेलंगाना इसके ताजा उदाहरण हैं, लेकिन हार की उम्मीद होती है तो वह लगातार विलाप करना शुरू कर देती है।

कांग्रेस कर रही बच्चों जैसा व्यवहार- उन्होंने कहा कि अब एग्जिट पोल का बहिष्कार करने का फैसला करके वे कई पेशेवर एजेंसियों अभ्यास पर सवालों उठा रहे हैं। उन्होंने हजारों सहयोगियों के साथ काम किया है। क्या कांग्रेस का तर्क है कि यह एक बड़ी साजिश है, जिसमें लाखों मतदाता शामिल हैं और इसका उद्देश्य अगले कुछ दिनों तक कांग्रेस का मजाक बनाना है। भारत की सबसे पुरानी पार्टी को उस बच्चे की तरह व्यवहार करना शोभा नहीं देता है, जिसका खिलौना छीन लिया गया हो। विपक्ष के सबसे बड़े राजनीतिक दल से एक निश्चित स्तर की परिपक्वता की उम्मीद की जाती है।

'मेरे प्राण भी चले जाएं तो गम ...

काम चलते रहेंगे, मैं लौटकर हर मां बहन को हजार रुपए महीना देने की भी शुरुआत करूंगा।' सीएम केजरीवाल ने कहा, दुआ में बड़ी ताकत होती है, आप मेरी मां के लिए रोज प्रार्थना करेंगे, तो वे जरूर स्वस्थ रहेंगी। मेरी पत्नी सुनीता बहुत मजबूत हैं, उन्होंने जिंदगी के हर मुश्किल वक्त पर मेरा साथ दिया है, जब मुश्किल वक्त आता है, तो पूरा परिवार एकजुट हो जाता है, हम सब मिलकर तानाशाही से लड़ रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा, देश को बचाने के लिए यदि मुझे कुछ हो जाए, मेरे प्राण भी चले जाएं, तो गम मत करना, आपके प्रार्थनाओं की वजह से आज मैं जिंदा हूं और आगे भी आपका आशीर्वाद मेरी रक्षा करेगा। अंत में बस यह कहना चाहूंगा, भगवान ने चाहा तो आपका यह बेटा बहुत जल्द वापस आएगा।

फुटबॉल मैच के दौरान आतंकी वारदात की साजिश, फ्रांस के सुरक्षाबलों ने पानी फेरा

नई दिल्ली। फुटबॉल मैच के दौरान आतंकी वारदात की साजिश को फ्रांस के सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया। फ्रांस के गृह मंत्री ने शुक्रवार को कहा कि सुरक्षा अधिकारियों ने पेरिस ओलंपिक के दौरान फुटबॉल आयोजनों पर हमला करने की योजना को विफल कर दिया है। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त तक चलेगा। पेरिस के स्टेड डी फ्रांस में फाइनल से पहले फ्रांस के विभिन्न शहरों में फुटबॉल मैच खेले जाएंगे।

गेराल्ड डार्मैनिन ने कहा कि 22 मई को चेचन्या के एक 18 वर्षीय व्यक्ति को ल्योन के दक्षिण-पश्चिम में सेंट-इटियेन शहर में आयोजित होने वाले फुटबॉल आयोजनों पर हमला करने की योजना के पीछे होने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था।

निशांत देव ने हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

नई दिल्ली। निशांत देव (71 किग्रा) शुक्रवार को यहां मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में पहुंचकर पेरिस खेलों के लिए कोटा हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज बन गए। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता जो पिछले क्वालिफायर में ओलंपिक बर्थ से चूक गए थे, उन्होंने क्वार्टर फाइनल में मोल्दोवा के वासिल सेबोटारी को 5-0 से हराकर कोटा हासिल किया। यह भारत का चौथा कोटा स्थान है, जिसमें महिला मुक्केबाज निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीत पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) पहले ही पेरिस के लिए अपना रास्ता सुरक्षित कर चुकी हैं। 71 किग्रा भार वर्ग में पाँच कोटा उपलब्ध हो गए हैं। देव पूरे टूर्नामेंट में हावी रहे। उन्होंने शानदार शुरुआत की।

अब तक नहीं हुई आरोपियों की गिरफ्तारी, घर घुसकर महिला को जान से मारने की कोशिश

खैरागढ़ (दावा)। मुढ़ीपार गांव में घर में घुसकर अधेड़ महिला पर हुये जानलेवा हमले के प्रकरण में बुधवार 29 मई को पीड़ित सहित परिजनों ने पत्रवार्ता लेकर न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी अनुसार गातापार जंगल थाना के ग्राम मुढ़ीपार निवासी सुखीराम सिन्हा की पत्नी बुधवंतीन सिन्हा उम्र 48 वर्ष पर बीते 8 मई की दोपहर तकरीबन 2 बजे गांव के ही शत्रुहन सिन्हा पिता कार्तिक सिन्हा, संजय सिन्हा पिता शत्रुहन सिन्हा, तोरण सिन्हा पिता शत्रुहन सिन्हा व गायत्री सिन्हा पति शत्रुहन सिन्हा ने पीड़ित के घर घुसकर बुधवंतीन बाई को अकेला पाकर उस पर डंडे व लात-घूसे से जानलेवा हमला किया था। जमीन विवाद के कारण आरोपी पड़ोसियों ने एकराय होकर बुधवंतीन को जान से मारने की नियत से उस पर हमला किया। हमले के बाद बुधवंतीन के सिर में गंभीर चोट आयी है।।हमले के बाद उसे राजनांदगांव जिला अस्पताल रिफर किया गया था, जहां उसके सिर में फ्रैक्चर व खून का थक्का जम जाने तथा जान का खतरा होने के कारण उच्च उपचार के लिये परिजनों ने एम्स रायपुर में उसे भर्ती कराया था। यहां भी पूरी तरह स्वस्थ नहीं होने व जान के खतरे को देखते हुये परिजनों ने निजी अस्पताल में उसका

जिले के गातापार जंगल थाने के ग्राम मुढ़ीपार का मामला है

उपचार कराया। उपचार उपरांत अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पीड़िता सहित उसके परिजनों ने पत्रकार संघ के अस्थायी कार्यालय में पत्रवार्ता में अपनी आपबीती व पीड़ा सुनाई। पीड़िता अभी भी अस्वस्थ है और उसे चलने, बैठने, बोलने में तकलीफ है और इस अवस्था में पीड़िता न्याय के लिये दर-दर की ठोकर खा रही है।

जान से मारने की कोशिश के बाद भी खुलेआम घूम रहे हैं आरोपी

पत्रवार्ता में पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है,कि पुलिस द्वारा सार्थक कार्यवाही नहीं किये जाने के कारण आरोपी घटना दिनांक के बाद से ही खुलेआम गांव में घूम रहे हैं और अभी भी पीड़ित पक्ष को जान से मारने व देख लेने की धमकी दे रहे हैं।। बुधवार 8 मई को चारों आरोपियों ने हाथ में डंडा लेकर बलवा जैसे गंभीर अपराध को अंजाम दिया,लेकिन पुलिस द्वारा मामले में अपराध धारा 307 की कायमी अब तक नहीं की गई है और आरोपियों को कानूनी दांवपेच का लाभ देकर फौरन मुचलके में जमानत दे दी गई। जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद है।

पीड़ित पक्ष ने बताया कि मामले को लेकर एसपी सहित पुलिस के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर न्यायपूर्वक कार्यवाही की मांग की गई है,लेकिन अब तक कोई सार्थक कार्यवाही नहीं की गई है ।।जिसके कारण पीड़ित परिवार अभी भी डर-भय और तकलीफ में जीवन-यापन कर रहा है।। ज्ञात हो कि मामले में पुलिस ने हमले के आरोपी शत्रुहन, संजय, तोरण व गायत्री सिन्हा के विरूद्ध आईपीसी की धारा 452, 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया और जमानत मुचलके पर आरोपियों को छोड़ दिया गया।। जिसके कारण पीड़ित पक्ष ने न्याय की गुहार लगाते हुये उचित कार्यवाही की मांग पुलिस महकमे से की है।?

अपराध कायम कर नियमानुसार की गई है कार्यवाही- टीआई

मामले में टीआई देवाराम भास्कर का कहना है कि घटना की जानकारी मिलने के बाद अलग-अलग धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था और नियमानुसार कार्यवाही की गई थी। पीड़िता के सिर में गंभीर चोट की जानकारी मिली है, जिस पर भी नियमानुसार जांच कार्यवाही की जायेगी।

अपने परिवार से बिछड़कर भटक रहे बालक को रिस्क्यू कर चाइल्ड हेल्पलाइन ने मिलवाया

खैरागढ़ (दावा)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर छत्तीसगढ़ व अध्यक्ष सुषमा सावंत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशानुसार, अध्यक्ष चन्द्र कुमार कश्यप तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़ एवं सचिव हेमंत कुमार रात्रे के मार्गदर्शन में पैरालीगल वॉलिंटियर गोलूदास द्वारा साइबर अपराध, पॉक्सो एक्ट, लोक अदालत एवं नालसा की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनंदगांव के पीएलवी मोहनी साहू और चंचल जंघेल से सूचना मिला कि एक 12-13 वर्ष का बालक अपने परिवार से बिछड़ कर हैदराबाद के बस स्टेशन में घूम रहा था। जिसको हैदराबाद से कांकेर जाने वाली बस के कंडक्टर ने उसको घूमते हुए भटकते हुए देखकर के अपने बस में बिठा लिया है और वह छत्तीसगढ़ ला रहा है, कंडक्टर द्वारा भटकते बालक को देखकर पूछा गया है कि वह कहां का रहने वाला है तो उसने अपने गांव का नाम हाटबंजारी छुरिया बताया।

यह छत्तीसगढ़ के इलाके का है, जान करके उसे कंडक्टर ने अपने बस में उसको बिठा लिया और व्हाट्सएप में मैसेज वायरल किया गया, कि इस वक्त यह बच्चा हमारे बस में है और संबंधित जिसको सूचना मिले वह हमसे संपर्क करें करके तो जिसकी सूचना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव को मिली और उसने पीएलबी गोलूदास साहू को संपर्क किया। तत्पश्चात पैरालीगल वॉलिंटियर साहू ने तुरंत एक्शन लेते हुए उक्त बस का इंतजार नया बस स्टेशन खैरागढ़ में करते हुए थाना खैरागढ़ को भी सूचित किया गया और जैसे ही बस 3.30 बजे खैरागढ़ नया बस स्टेशन में पहुंची, वहां से उस बच्चे को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया।

थाना खैरागढ़ के थाना प्रभारी प्रतिभा लहरे और आरक्षक शिवकुमार वर्मा के सहयोग से उसको देर शाम तक चाइल्ड लाइन राजनांदगांव में ले जाकर के छोड़ा गया। अब अगले दिन सीडब्ल्यूसी की बैठक होगी और उक्त कमेटी के माध्यम से उनके पिताजी जब राजनांदगांव पहुंच जाए, हैदराबाद से राजनांदगांव पहुंच जाएंगे तो उनका बच्चा उनके सुपुर्द कर दिया जाएगा।।

समर कैम्प को कलेक्टर ने सराहा

राजनांदगांव (दावा)। शा. उच्च माध्यमिक शाला भानपुरी, संकुल-रींवागहन में 20 मई 2024 से आयोजित समर कैंप का 29 मई 2024 को माननीय कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, डीएमसी सतीश ब्यौहरे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती आहूजा, आर्य मैडम एवं शिक्षा विभाग के अधिकारीगण द्वारा निरीक्षण किया गया।

समर कैंप में विद्यालय के बच्चों द्वारा योगा, जुंबा, क्रिकेट मैच, फुटबॉल, मेहंदी, पूजा थाली, सलाद सजाओं, रंगोली, प्रेरणादायक फिल्म एवं अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया तथा अधिकारीगणों द्वारा कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान की।शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण किया गया एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया।

इस समर कैंप में कलेक्टर श्री अग्रवाल द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया तथा कैंप के माध्यम से बच्चों के बौद्धि, शारीरिक एवं छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का मंच प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम हेतु कलेक्टर द्वारा संस्था का सराहना किया गया। अतः इस कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्य श्रीमती ज्योति विनोद, संकुल रीवागहन के संकुल स्त्रोत समन्वयक अमिताभ सक्सेना, पीटीआई सोमू प्रसन्ना लक्ष्मी एवं प्राथमिक, मिडिल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

प्रशासन का बुलडोजर हमेशा गरीबों पर ही क्यों चलता है - अभिमन्यु मिश्रा

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने राजनांदगांव शहर के फ्लाई ओवर के नीचे हुई प्रशासन की कार्यवाही पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है ही प्रशासन हमेशा अचानक होश में आता है और गरीबों के ठेलो की ओर बुलडोजर लेकर चल पड़ता है एक दो दिन कार्यवाही होती है फोटो खिंचवाई जाती है लेकिन उससे शहर की अतिक्रमण की समस्या क्या हल हो जाती है?

0 रसूखदारों द्वारा किये गए अतिक्रमण को कर दिया जाता है नजर अंदाज

सवाल यह है कि सिर्फ गरीबों पर ही हमेशा प्रशासन का बुलडोजर क्यों चलता है जो बेचारे छोटे मोटे सामान बेच कर रोजी रोटी चलाते हैं, जबकि पूरे निगम क्षेत्र में जगह-जगह बड़े बड़े रसूखदारों ने अतिक्रमण कर रखा है उनको कभी नोटिस दे कर तो कभी ऐसे ही नजरअंदाज कर दिया जाता है चिखली का एक अस्पताल हमेशा अतिक्रमण इत्यादि के लिए विवादों में रहता है शहर में तो न जाने कितनी बड़ी-बड़ी दुकाने बिना पार्किंग व्यवस्था के हैं अवैध कब्जे हैं मुख्य मार्गो में बड़ी-बड़ी लोहा/हार्डवेयर यहां तक कबाड़ी दुकानों ने रोड तक सामान बिछा रखा है लेकिन उन तक कभी बुलडोजर पहुँच ही नहीं पाता, बडे लोगों से साठगाँठ और गरीबों पर अत्याचार भाजपा सरकार व प्रशासन की यह चेहरा आज जनता के सामने आया है।

उन्होंने यह भी कहा कि फ्लाई ओवर के नीचे गंदगी एक बड़ा मुद्दा है और ढेरों गाड़ियां भी खड़ी रहती हैं पहले उन्हें हटवा कर फिर ठेले वालों का व्यवस्थापन करना चाहिए उसके बाद प्रशासन वहां के लिए क्या करने वाला है यह भी स्पष्ट होना चाहिए।

ओ.डी.एफ. प्लस मॉडल का क्रियान्वयन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर मास्टर ट्रेनर तैयार

मोहला (दावा)। जिला स्तर पर दिनांक 29 मई 2024 को मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी ओ.डी.एफ.प्लस मॉडल का क्रियान्वयन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर मास्टर ट्रेनर तैयार करने विषय पर 1 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजित किया गया।

कार्यशाला में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस-02 अंतर्गत डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का कार्य निरन्तर किया जाना, साथ ही तरल अपशिष्ट के लिए सोकपिट के माध्यम से प्रबंधन करना, जिससे गांव से निकलने वाले पानी का सुरक्षित निपटान हो सके साथ ही व्यक्तिगत शौचालय स्थायित्व बना रहे, कचरा संग्रहण हेतु महिला स्वच्छता दीदीयों द्वारा ट्राई-सायकल के माध्यम से सेग्रीग्रेसन शेड में लाने के बाद, ठोस एवं तरल कचरे का उचित प्रबंधन हेतु इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भिलाई में रेलवे ट्रैक पर कूदी महिला, मौत

भिलाई (दावा)। भिलाई में रेलवे ट्रैक पर कूदने से महिला की मौत हो गई, महिला की पहचान अब तक नहीं हो सकी है, घटना भिलाई के पावर हाउस रेलवे स्टेशन की है। महिला को गंभीर हालत में दुर्ग जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है। दरअसल, ये पूरा मामला भिलाई नगर के पावर हाउस स्टेशन का है. यहां आजाद हिन्द एक्सप्रेस ट्रेन से एक महिला कूद गई, महिला को दुर्ग जिला अस्पताल लाया गया, हालांकि इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला कौन थी, ये अब तक पता नहीं चल पाया है, बताया जा रहा है कि महिला खुदकुशी के इरादे से ट्रेन के सामने कूद गई थी। महिला को छलांग लगाते देख लोको पायलट ने ट्रेन को रोक दिया। खुदकुशी के इरादे से ट्रेन के सामने कूदने वाली महिला की उस समय सांसें चल रही थी। महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है. महिला की उम्र 45 से 50 वर्ष होने का अनुमान लगाया जा रहा है। महिला सलवार सूट पहने हुए थी, फिलहाल शव को मर्च्यूरी में रखवा दिया है। इसके बाद लोको पायलट और असिस्टेंट पायलट ने महिला को किसी तरह ट्रेन के कोच में लिटा दिया और भिलाई-3 स्टेशन को सूचना दी, सूचना के बाद आरपीएफ और जीआरपी को अलर्ट किया गया। साथ ही एंबुलेंस भी बुला लिया गया, आजाद हिन्द एक्सप्रेस को भिलाई-3 स्टेशन पर रोका गया और फिर गंभीर रूप से घायल महिला को कोच से उतारकर स्ट्रेचर की मदद से एंबुलेंस के जरिए दुर्ग जिला अस्पताल भिजवाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

स्कूलों में यूथ व इको क्लब क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण

राजनांदगांव (दावा)। समग्र शिक्षा के अंतर्गत सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों को सशैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से उनमें जीवन कौशल के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु यूथ क्लब एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से यूथ एवं इको क्लब का गठन किया गया है। इसी क्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल सुरुचि सिह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व अभय जायसवाल जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव में 30 मई 2024 को राज्य स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर विकास हरिहारनो एवं अभिषेक शुक्ला द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पोषण वाटिका जैव विविधता के बारे में जागरूकता पैदा करने और उन्हें पर्यावरण के मुद्दों की प्रति संवेदनशील बनाने के लिए पर्यावरण को बचाने के लिए आत्मसात करना सिखना और कार्य करना सीखना पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे समग्र शिक्षा राजनांदगांव द्वारा

0 मिशन लाईफ के तहत होगा साप्ताहिक कैम्प का आयोजन

0 शैक्षिक गतिविधियों से कौशल विकास का लक्ष्य

अपने उद्बोधन में शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षको एवं छात्रों को अपने शाला के आसपास के पर्यावरण जैव विविधता जलवायु पोषण स्वास्थ्य स्वच्छता सामुदायिक जागरूकता हेतु सतत रूप से प्रयत्न शील रहना होगा जिले के सभी शालाओ में यूथ एवं इको क्लब को इस प्रशिक्षण के माध्यम से सक्रीय किया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को सहशैक्षिक गतिविधियों से जोड़कर उनका कौशल विकसित करना है। साथ ही पर्यावरण सुरक्षा, जीवन कौशल, आत्मसम्मान एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। इको क्लब के सदस्य पर्यावरणीय गतिविधियों में भाग लेंगे। पर्यावरण सुरक्षा के बारे में समझ विकसित करेंगे। पीआर झाड़े एडीपीओ समग्र शिक्षा राजनादगाव ने कहा कि यूथ एवं इको क्लब के जरिए पर्यावरण सुरक्षा कार्यक्रम को समुदाय से जोड़ा जाएगा। क्लब के गठन का दायित्व प्राचार्य संस्था प्रमुख प्रधान पाठक शिक्षक को दिया गया है। दोनों क्लबों के इंचार्ज एचएम ही होंगे। दोनों क्लब के लिए प्रत्येक शाला मे एक-एक नोडल शिक्षक नामित होंगे। अध्यक्ष एवं सचिव का चयन संस्था प्रमुख करेंगे। प्रत्येक क्लब की सदस्य संख्या 20 होगी। इनमें 10 छात्राएं होंगी। प्रारंभिक स्तर पर छठवीं, सातवीं एवं आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को सदस्य बनाया जाएगा। क्लब की गतिविधियों का नेतृत्व अध्यक्ष करेंगे। मो. फ़हीक अंसारी सहायक जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा राजनांदगांव ने बताया कि यूथ एव इको क्लब का अपना वार्षिक कैलेंडर होगा। कार्ययोजना बनाकर गतिविधियों का संचालन किया जाएगा । यूथ क्लब की गतिविधियों में मुख्यत क्विज, डिबेट, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, खेल सामग्रियों के उपयोग, पुस्तकालय और प्रयोगशाला के उपयोग शामिल हैं। इको क्लब जल संरक्षण, पौधा संरक्षण एवं कचरा प्रबंधन कार्य की गतिविधियों में शामिल होगा। इको क्लब को समुदाय से जोड़कर पर्यावरण संरक्षण के कार्यक्रम में सहयोग लिया जाएगा। छात्रों में पोषण वाटिका जैव विविधता के बारे में जागरूकता पैदा करने और उन्हें पर्यावरण के मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए स्कूल में इको क्लब की स्थापना की गई है। क्लब का उद्देश्य बच्चों को ''पर्यावरण'' को बचाने के लिए आत्मसात करना, सीखना और कार्य करना सिखाना है।

गणित विभाग में कैरियर गाइडेंस पर अतिथि व्याख्यान

राजनांदगांव (दावा)। शास.दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन में एवं गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शबनम खान के मार्गदर्शन में गणित विभाग द्वारा कैरियर गाइडेंस पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. शैल शर्माए सहायक प्राध्यापक, गणित विभाग, शास. महाविद्यालय, बेमेतरा उपस्थित हुये।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डॉ.कविता साकुरे ने डॉ. शैल शर्मा से विद्यार्थियों का परिचय करवाया तथा इसके पश्चात् ने डॉ. शबनम खान अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन तथा समुचित विकास हेतु समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

डॉ शैल शर्मा ने गणित के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को कैरियर गाइडेंस एवं फज्जी लॉजिक पर अपना व्याख्यान दिया तथा अपने व्याख्यान में डॉ. शैल शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि गणित के विद्यार्थी बहुमुखी कौशल के साथ कई कैरियर विकल्पों के लिए तैयार होते है तथा वे डाटा साइंस और एनालिटिक्सए शिक्षा और अनुसन्धानए वित्त औत निवेशए सॉफ्टवेयर डेवलपमेंटए ऑपरेशन रिसर्चए क्रिप्टोग्राफी और साइबर सुरक्षा, बायो स्टेटिस्टिक्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपना भविष्य बना सकते है। इस व्याख्यान में एम.एस.सी. पूर्व एवं अंतिम गणित के समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

एनकोर काउंटिंग एप्लीकेशन एवं एक्सेल में डाटा प्रविष्टि तथा तकनीकी पहलुओं पर दिया गया प्रशिक्षण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मतगणना अधिकारियों के सेंटर टेबुलेशन तथा आईटी सेक्शन से संबंधित प्रथम प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

इस दौरान मतगणना कार्य के लिए एनकोर एवं एक्सेल में डाटा प्रविष्टि की जानकारी के लिए अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्हें बताया गया कि प्रति राउण्डवार डाटा की एण्ट्री की जाएगी। मतगणना कार्य के लिए कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर, स्टेशनरी सहित अन्य सामग्री की उपलब्धता के संबंध में जानकारी दी गई। एनकोर काउंटिंग एप्लीकेशन के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि टेबलवार इवीएम के मतों की एण्ट्री की जाएगी। राऊण्डवार पब्लिक पोर्टल में परिणामों को अपडेट किया जाएगा तथा टेबलवार डाटा की एण्ट्री की जाएगी। अधिकारियों को टेबलवार ईव्हीएम मतों की प्रविष्टि, राऊण्डवार परिणामों की घोषणा, पोस्टल बैलेट मतों की प्रविष्टि तथा परिणामों की घोषणा के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। उन्हें बताया गया कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6 राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले आठों विधानसभा के लिए मतगणना कार्य किया जाएगा।

टेबलवार ईवीएम के मतों की प्रविष्टि, राउण्डवार परिणामों की घोषणा, पोस्टल बैलेट मतों की प्रविष्टि तथा परिणामों की घोषणा के संबंध में दी गई जानकारी

राजनांदगांव जिला अंतर्गत चार विधानसभा के लिए हर राऊंड अनुसार डाटा की एण्ट्री की जाएगी। उन्हें मतगणना की तैयारी, विधानसभावार मतगणना टेबुलेशन के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर सहायक प्रोग्रामर भूपेन्द्र राजपूत ने एनकोर एवं तकनीकी पहलुओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इनकोर एनेबलिंग कम्युनिकेशन इन रियल टाईम एण्ड एन्वायरमेंट एक मतगणना एप्लीकेशन है। उन्होंने इसके संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान सभी मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी मौजूद रहे।

ब्लू बर्ड संस्था द्वारा माहवारी स्वच्छता दिवस पर स्वास्थ्य शिविर

राजनांदगांव (दावा)। ब्लू बर्ड संस्था द्वारा 28 मई को माहवारी स्वच्छता दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन राजनांदगांव ब्लॉक के ग्राम डुमरडीहखुर्द में किया गया। इस स्वास्थ शिविर का उद्देश्य महिलाओं में माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं उनके स्वास्थ्य की प्राथमिक जांच थी जिसमें लगभग 60 से 70 महिलाओं, किशोरियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

शिविर को सफलता पूर्वक संपन्न किए जाने हेतु जिले के कलेक्टर संजय अग्रवाल सर द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट मुहैया कराया गया, जांच के लिए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव कि स्त्री रोग विशेषज्ञ एच.ओ.डी. डॉ. मीना मैडम स्वयं उपस्थित रहीं साथ हि उनके प्रशिक्षित डॉक्टर की पूरी टीम उपस्थित रहे। मोबाइल यूनिट में भी डॉक्टर की टीम उपस्थित रहीं। गर्भाशय मुख के कैंसर की प्राथमिक जांच प्रकिया पेप टेस्ट के द्वारा संपन्न की गयी। स्त्री रोग विशेषज्ञों की उपस्थिति में यह शिविर संपन्न की गई। ब्लू बर्ड संस्था की डायरेक्टर सुधा वर्मा ने शिविर के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि ब्लू बर्ड संस्था माहवारी स्वच्छता एवं महिलाओं के स्वास्थ्य के क्षेत्र में विगत 4 वर्षों से कार्यरत है। इसी कड़ी में यह स्वास्थ्य शिविर महिलाओं के बीच गर्भाश्य से जुड़ी भयंकर बीमारियों से बचाव के लिए इस तरह के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हर वर्ष किया जाता है।

ग्रामीण महिलाओं को अपने स्वास्थ की जांच के लिए शपथ ग्रहण का कार्य करवाया जाता है। संस्था को शिविर आयोजन में जिला पंचायत सी.ई.ओ. सुरुचि सिंह का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिनके सहयोग से सफलतम आयोजन संपन्न किया जा सका और अधिकतम महिलाएं लाभान्वित हुईं।

ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस ने पं. नेहरू की पुण्यतिथि मनाई

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देश पर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू के मार्गदर्शन में डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा के नेतृत्व में आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम सिवनी में उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना कर मनाया गया।

पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा किए गए देश हित कार्य जैसे प्रधानमंत्री पद 17 वर्ष के सफल कार्यकाल, उन्होंने देश को मजबूत औद्योगिक ढांचा प्रदान किया। वैज्ञानिक रूप से देश को समृद्ध किया, हरित क्रांति को साकार किया, गुटनिरपेक्षता नीति को देश हित में सफलतापूर्वक लागू किया, भारत को विश्व के नक्शे पर महत्वपूर्ण स्थान दिलाया इन बातों को उपस्थित जनों को बताया गया।

तेंदूपत्ता श्रमिकजनों के दुखद निधन पर शोक व्यक्त किया कांग्रेस जनों ने कवर्धा जिला कै तेन्दुपत्ता श्रमिक, बेमेतरा जिला ब्लाक बेरला ग्राम तिरदा में हुई श्रमिकों की आकस्मिक मृत्यु पर कांग्रेस जनो द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कि गई। उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने के लिये दो मिनट मौन धारण किया गया। जिसमें उपस्थित थे डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, उपाध्यक्ष सामसाय टांडेकर, सरपंच गोमती मरकाम, महामंत्री राजू राजपूत, बुथ अध्यक्ष दयाल दास साहू, रामकुमार वर्मा, ईश्वर साहू, सालीक मरकाम, मिथुन साहरे, रोहित महिलांगै, बल्लू मालैकर, ईश्वर साहू, पुनीत महिलांगे, मनजीत महिलांगे, दिनेश खुटेल, विनोद कुमार एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

राशन कार्ड ई-केवाइसी कराने की अंतिम तिथि बढ़ी...बचे रह गए डेढ़ लाख उपभोक्ता

आधा दर्जन बार बढ़ाई जा चुकी अवधि, एपीएल कार्ड धारकों को ई-केवाइसी कराने में रुचि नहीं

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार द्वारा एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना के तहत सभी राशन कार्डधारी हितग्राहियों का ई-केवाइसी कराया जा रहा है। बता दे कि साल भर पहले से ई-केवाइसी कराने की प्रक्रिया प्रत्येक राशन दुकान में ई-पास मशीन द्वारा जारी है। इसके बाद भी 31 मई ई-केवाइसी कराने की अंतिम तिथि होने तक कई हितग्राहियों ने रूचि नहीं ली। जबकि हितग्राहियों की सहुलियत के लिए आधा दर्जन बार ई-केवाइसी कराने की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। इसके बावजूद जिले में डेढ़ लाख से अधिक उपभोक्ता अपने राशन कार्ड का ई-केवाइसी नहीं करा पाए। लखोली स्थित एक राशन दुकान संचालक ने बताया कि उनके वार्ड में तकरीबन 900 राशन कार्ड धारी है। जिसमें से लगभग 80 प्रतिशत हितग्राहियों ने ई-केवाइसी करवा लिया है। 20 प्रतिशत लोग बचे हुए है।

हाट-बाजार क्षेत्र में राशन दुकान चलाने वाले महिला समूह के लोगों ने बताया कि उनके दुकान के अंतर्गत साढ़े सात सौ के करीब राशन कार्ड धारी है जिसमें से अब तक 25 प्रतिशत हितग्राही ई-केवाइसी नहीं कराए

पाए है। संचालकों की माने तो इसमें ज्यादातर एपीएल कार्डधारी हितग्राही है जो अपने कार्ड का ई-केवाईसी कराने में रूचि नहीं ले रहे। इसके पीछे संभवतः एक भावना काम कर रही है। जिसमें उन्हें सरकारी राशन उठाना गिल्टी फिल महसूस हो रहा है। वही दूसरी ओर ई-पास मशीन में बच्चों एवं बुजुर्गों के अंगूठे के निशान मैच नहीं होने के कारण ई-केवाइसी कराने में समस्या आड़े आ रही है। इसी तरह जानकारी गलत होने के कारण भी सत्यापन में दिक्कते आ रही है।

अफसरों की चिंता बढ़ी

बता दे कि जिले में अभी तक सभी राशन कार्डों का ई-केवाईसी कराए जाने का काम पूरा नहीं होने से खाद्य विभाग के अफसरों की चिंता बढ़ गई है। इधर भारत सरकार सभी राशन कार्डधारी हित ग्राहियों के राशन कार्डों का ई-केवाइसी कराया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। ई-केवाईसी नहीं होने से हितग्राहियों को राशन से वंचित होना पड़ सकता है। बताया जाता है कि राशन कार्ड धारियों का ई-केवाइसी कराए जाने से नई अपडेट जानकारी विभागीय डेटाबेस में पहुंचेगी एवं राशन लेने वाले हितग्राही का जीवित होना भी इससे प्रमाणित होगा। बहरहाल जिले के शेष बचे राशन कार्ड हितग्राहियों के लिए ई-केवाइसी कराने की अवधि 30 जून तक बढ़ा दी गई है। संभव है कि एक माह की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने से जिले के समस्त राशन कार्ड धारियों का ई-केवाइसी कराने का काम पूरा हो जाएगा।

ई-केवाइसी की बढ़ाई गई तिथि

जिला खाद्य निरीक्षक अंगद ठाकुर ने बताया कि जिले में 238848 राशन कार्ड है जिसमें से 60 प्रतिशत के करीब ई-केवाइसी हो चुकी है। 30-40 प्रतिशत लोग अभी बचे हुए है। इसे देखते हुए 30 जून तक अवधि बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि राशन कार्ड में सदस्यों के आधार पर भी ई-केवाइसी हो रही है। बताया जाता है कि जिले में डेढ़ लाख से ज्यादा लोग अपने राशन कार्डों की ई-केवाइसी कराने पीडीएस की दुकानों में नहीं पहुंचे है। इसमें से अधिक एपीएल कार्ड धारी लोग शामिल है। इसके अलावा बड़ी संख्या में हितग्राही पढ़ाई या नौकरी आदि अथवा मजदूरी करने जिले से दूसरे प्रांत चले गए ऐसे लोग है जो अपने राशन कार्डों का ई-केवाइसी नहीं करा पाए।

एक लाख रुपये प्रति किलो की ओर बढ़े चांदी के रेट, चांदी 97 हजार तो सोना 75 हजार रुपये पर पहुंचा

राजनांदगांव (दावा)। अंतरराष्ट्रीय बाजार के प्रभाव से सोने-चांदी की कीमतों में जबरदस्त तेजी आ रही है। चांदी की कीमतें तो बड़ी तेजी के साथ एक लाख रुपये की ओर बढ़ रही है। बुधवार शाम रायपुर सराफा बाजार में चांदी 97 हजार रुपये प्रति किलो हो गई। चांदी एक बार फिर से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। बीते तीन दिनों में चांदी में 1,800 रुपये की उछाल आई है। इसके साथ ही सोना भी 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम (स्टैंडर्ड) रहा। सराफा के जानकारों का कहना है कि आने वाले दिनों में सोने-चांदी की कीमतों में और तेजी की उम्मीद है। दोनों कीमती धातुओं में तेजी के चलते इन दिनों सराफा कारोबार की रफ्तार बिल्कुल सुस्त हो गई है।

खरीदारी की तुलना में इन दिनों बिकवाली काफी ज्यादा बढ़ती जा रही है। सराफा विशेषज्ञों का कहना है कि इन दिनों अंतरराष्ट्रीय बाजार में सटोरिए भी मुनाफा वसूली में जुटे हुए हैं। अगले महीने चार जून के बाद कीमतों में थोड़ा करेक्शन देखने को मिल सकता है।

दो माह में 35 प्रतिशत गिरा कारोबार

बताया जा रहा है कि बीते दो महीनों में सराफा कारोबार में पिछले वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत तक की गिरावट आ गई है। इस गिरावट के पीछे मुख्य कारण तो यह रहा कि शादी के मुहूर्त नहीं है, इसके साथ ही सोने-चांदी की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी का होना। उपभोक्ताओं को भी अभी दोनों कीमती धातुओं में कमी आने का इंतजार बना हुआ है। सराफा संस्थानों में अभी गहनों की नई रेंज के साथ ही लाइटवेट गहनों की भी रेंज उपलब्ध है।

मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों का त्यागपत्र देकर जाना निरन्तर जारी

राजनांदगाँव (दावा)। शासकीय मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों का त्यागपत्र देकर जाना निरन्तर जारी है, कल भी मेडिकल कॉलेज के माइक्रो बायोलॉजी के एचओडी (प्रोफेसर) डॉ. अम्बादे ने अपना त्यागपत्र दिया। गौरतलब है, कि मीडिया ही मेडिकल कॉलेज को बचाने की जुगत में लगे हुए है, बाकी कोई नेता का मैदानी बयान या किसी प्रकार का आंदोलन देखने नही मिल रहा है। लगता है मेडिकल कॉलेज के रहने से मात्र पत्रकारों को ही फायदा होने वाला है।

कुछ समय पहले राजनांदगाँव के नाम को बदल कर दिग्विजय नगर के नाम से रखने की आग शहर में लगी हुई थी, इस मामले

को लेकर आंदोलन के लिए तक उतारू हो चुके थे।

क्या मेडिकल कॉलेज को बचाने के लिए आम जनमानस एक आंदोलन नहीं कर पा रहा है, आंदोलन तो छोड़ो, मेडिकल कॉलेज को बचाने के लिए नेताओं को ज्ञापन तक नही सौप पा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज राजनांदगाँव शहर की शान है, इसे उजाड़ होने से आम जनता का सहयोग जरूरी है। क्योकि आज और आने वाले समय मे हर वर्ग की पहली जरूरत हॉस्पिटल ही होगी। यदि कोई जनप्रतिनिधि इसमें पहल करे तो निश्चित ही धीरे-धीरे इस आंदोलन में जनसैलाब उमड़ पड़ेगा, और मेडिकल कॉलेज को नया जीवनदान मिलेगा।

छत्तीसगढ़ से होकर चलने वाली ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा

राजनांदगांव (दावा)। रेल यात्रियों के लिए काम की खबर है। छत्तीसगढ़ से होकर चलने वाले वाली ट्रेनों में अतिरिक्त एसी-3 कोच सुविधा दी जा रही है। यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए रेलवे प्रशासन ने हावड़ा-पुणे-हावड़ा और हावड़ा-सीएसएमटी-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस में एक-एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा दी है। इससे यात्रियों को यात्रा में सुविधा मिलेगी। ट्रेन में अतिरिक्त कोच 31 मई से चार जून तक उपलब्ध रहेगी।

रेलवे प्रशासन की ओर से यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा और यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 12262/12261 हावड़ा-सीएसएमटी-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस और 12222/12221 हावड़ा-पुणे-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस में एक-एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। गाड़ी संख्या 12262 हावड़ा-सीएसएमटी में हावड़ा से 31 मई-तीन जून को और गाड़ी संख्या 12261 सीएसएमटी-हावड़ा में सीएसएमटी से दो और चार जून को उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 12222 हावड़ा-पुणे में हावड़ा से 30 मई-एक जून को और गाड़ी संख्या 12221 पुणे-हावड़ा में पुणे से एक और जून 2024 को उपलब्ध रहेगी।

पत्नी ने आंखों के सामने नाबालिग बेटे और भतीजे से पति को मरवा दिया

रायपुर (दावा)। रायपुर में एक शख्स की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी उसके बेटे और भतीजे सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में 3 नाबालिग शामिल है।

बताया जा रहा है कि मृतक अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका करता था। जिससे परेशान होकर महिला ने अपने नाबालिग बेटे, भतीजे और दो अन्य लोगों के साथ मिलकर इस हत्याकांड की साजिश रचने के बाद वारदात को अंजाम दिया।

हत्या की ये वारदात आमानाका पुलिस थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक 24 मई को चंगोराभाठा में रहने वाले 51 वर्षीय कल्याण यादव की लाश टाटीबंध पुलिया के नीचे नाले में मिली थी। मृतक कल्याण आमानाका इलाके के एक ट्रक गैरेज में गार्ड की नौकरी करता था। लाश गैरेज से कुछ ही दूरी पर नाले में पाई गई थी। जिसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर मृतक के शरीर और सिर पर गहरे चोट के निशान पाये थे। जिससे प्रथम दृष्टया ये पूरा मामला हत्या का प्रतीत हो रहा था। इस मामले में पुलिस मृतक के परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की गयी। इसके साथ ही हत्या की गुत्थी को सुलझाने के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों को भी खंगालना शुरू किया गया। आमानाका पुलिस ने बताया कि कल्याण अपनी पत्नी रोहिणी यादव और शादीशुदा साली के चरित्र पर शंका करता था। इसे लेकर अक्सर घर लड़ाई भी हो चुकी थी। इसी वजह से उसकी पत्नी अपने नाबालिग बेटे के साथ अलग रहती थी। मृतक की साली रानी यादव अपने परिवार के साथ भिलाई में रहती थी। उसके बेटे आदित्य यादव को जब यह बात पता चली कि कल्याण यादव उसकी मां के चरित्र को लेकर गलत बात करता है, तो उसे ये बात बर्दाश्त नही हुई और उसने भी मारपीट की थी। पुलिस को पता चला कि वे दोनों एक-दूसरे को बिल्कुल पसंद नहीं करते थे।

राज्य के 288 हाजी सफर-ए-हज के लिये हुए रवाना - डॉ. रूबीना अल्वी

राजनांदगांव (दावा)। हज 2024 के लिए नागपुर के अंतर्राष्ट्रीय विमानतल से सउदी एयरलाइंस की फ्लाइट नंबर 5221 से राज्य के 288 हाजियों का जत्था 31मई को मध्यरात्रि 12.05 बजे, हज के लिए रवाना हुआ। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी द्वारा हज यात्रियों की दिनांक 28 मई को हज हाउस नागपुर में रिपोर्टिंग कराई गई, दिनांक 29 मई को हज यात्रा के दस्तावेजों का वितरण किया गया। 30 मई को हज हाउस में लगेज चेक इन कराया गया तथा शाम 7 बजे से विशेष बसों को हरी झंडी दिखाकर एयरपोर्ट के लिए रवाना किया गया।

एयरपोर्ट पर भी हज यात्रियों के लिए छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी द्वारा सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई, जिससे हज यात्रियों का प्रस्थान सुगमता पूर्वक संपन्न हुआ नागपुर एंबारकेशन प्वाइंट से राज्य के हज यात्रियों की सुगमता पूर्वक प्रस्थान की समस्त व्यवस्थाओं का संपादन छत्तीसगढ़ राज्य कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद असलम खान, हज कमेटी के कार्यपालन अधिकारी सचिव डॉ. साजिद अहमद फारुकी, हज कमेटी के सदस्य इमरान खान, मोहम्मद इमरान, डा. रुबीना अल्वी, हाजी अब्दुल रज्जाक खान, राज्य हज कमेटी के कर्मचारी सैयद सलीम अशरफ, मोहम्मद हुसैन मलकानी, राजिक अमजद द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विशेष रूप से महाराष्ट्र हज कमेटी के चेयरमैन आसिफ उस्मान खान (गुड्डू भाई) तथा शिव सिंह ठाकुर, मोहम्मद तनवीर, मोहम्मद रियाज, अब्दुल इमरान जावेद नाना अब्दुल कय्यूम असलम, मोहम्मद जमील, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद अनवर मोहम्मद यूसुफ उपस्थित रहे।

एक ही कैंपस के 3 घरों में चोरी

राजनांदगाव (दावा)। शहर सहित जिले में चोर गिरोह सक्रिय है। चोर सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी की घटना का अंजाम दे रहे हैं। बावजूद इसके पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच पा रही है। बुधवार को बसंतपुर थाना क्षेत्र के साईं दर्शन कॉलोनी में दिनदहाड़े एक ही कैंपस के तीन घरों का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात व अन्य सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना में जुटी है।

पुलिस के अनुसार साईं दर्शन कॉलोनी में गुप्ता परिवार का घर है। गुप्ता परिवार ने घर के ऊपर के दो कमरों को किराया पर दिया हुआ है। गुप्ता परिवार बैजनाथ धाम में दर्शन के लिए गए हुए हैं। वहीं उसके दोनों किराएदार भी कहीं बाहर हैं। ऐसे में चोरों ने सूने घर को टारगेट करते पहले गुप्ता के घर का ताला तोड़ कर जेवरात व अन्य सामान की चोरी करने के बाद किराएदारों के घरों में भी सेंधमारी कर लाखों के सामान चोरी कर फरार हो गए हैं। तीनों घरों से कितने की जेवरात व सामानों की चोरी हुई है, अभी इसका खुलासा नहीं हुआ है। पीड़ित परिवारों के लौटने के बाद ही चोरी हुए सामानों की जानकारी सामने आएगी। इन घरों में चोरी का खुलासा तब हुआ जब गुप्ता परिवार का परिचित बुधवार शाम को घर में लाइट जलाने गया। इस दौरान गुप्ता और उसके किराएदारों के घरों का ताला टूटा हुआ था। घटना की जानकारी गुप्ता परिवार को दे दी गई है। पुलिस को भी मामला की सूचना दी गई है। बसंतपुर पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में जुटी है। चोरों का फुटेज आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस इस आधार पर विवेचना में जुटी है। टीआई सत्यनारायण देवांगन का कहना है कि साईं दर्शन कॉलोनी में सूने घरों का ताला तोड़कर चोरी की घटना हुई है। चोरों की हरकत फुटेज सीसीटीवी में कैद है। गश्त पर सवाल बसंतपुर थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटना बढ़ रही है। पखवाड़ा भर पहले क्षेत्र केवीआईपी रोड स्थित एक चार्टेट एकाउंटेंट के ऑफिस के वेटिंलेशन में लगे कांच को तोड़ कर अज्ञात चोरों ने 3 लाख रुपए नकदी रकम व 2 लाख के सोने के सिक्के की चोरी कर फरार हो गए थे।

आज डॉ. रमन सिंह कार्यशाला में भाग लेंगे

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह कल दिनभर शहर में रहने वाले है, इस दौरान वे एक कार्यशाला में भाग लेंगे व अन्य कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री सिंह सुबह 10.30 बजे खनिज नगर मौलश्री विहार रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12.00 बजे पुराना बस स्टैण्ड स्थित अग्रसेन भवन जायेंगे जहाँ आरोग्य भारती के अखिल भारतीय कार्यशाला में भाग लेकर दोपहर 01.00 बजे अग्रसेन भवन से प्रस्थान कर विधानसभा अध्यक्ष निवास जी.ई.रोड पहुंचेगे यहां से शाम 5.30 बजे रायपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

बीपीएस की वीणा साहू एवं स्नेहा राजपूत हुई कलेक्टर के हाथों सम्मानित

डोंगरगाँव (दावा)। मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक हा.से.स्कूल की कक्षा 10वीं की छात्राएँ वीणा साहू एवं स्नेहा राजपूत को कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक को सम्मानित किया गया।

प्राचार्य सुनील कुमार पाण्डेय् से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 10वीं की परीक्षा में नगर व कक्षा में प्रथम एवं जिला में चतुर्थ स्थान प्राप्त वीणा साहू पिता पूषण साहू 95.83 प्रतिशत व नगर व संस्था में द्वितीय एवं जिला में सातवां स्थान प्राप्त स्नेहा राजपूत पिता परस राम राजपूत 95 प्रतिशत को बल्देव प्रसाद मिश्र उ.मा. विद्यालय राजनांदगाँव सभागार जिला में प्रथम दस स्थान में अपना स्थान बनाने पर जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के इस यादगार क्षण में छात्राओं के साथ इनके माता पिता भी मौजूद रहे। ग्रामीण परिवेश में पले बढ़े ये दोनों छात्राएँ अपनी इस शानदार सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों व अपने माता पिता को देती है। छात्राओं के इस कामयाबी पर शैलजा पाण्डेय् (अध्यक्ष मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति), संतोष सागर शर्मा (सदस्य मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति), गौरी बाई झाड़े (सदस्य मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति), संस्था के संरक्षक संतोष कुमार वैष्णव, उमाराजे राजपूत, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, पवन ठाकुर, बीरेन्द्र बोरकर कार्यालय प्रभारी राजेन्द्र कुंवर, पाली प्रभारी बिरेन्द्र राजपूत, प्रधानपाठक पी.एल.बया, देवेन्द्र साहू, लूनकरण यादव, कोमल सेन, गुरूविंदर, कांता सेन, लाखन साहू, सरिता गोलछा, वीणा साहू, संजू उइके ने शुभकामना देते हुये छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त जानकारी कार्यालय प्रभारी राजेन्द्र कुवंर ने दी।

वन मंत्री केदार कश्यप ने मछली पालन के नाम पर करोड़ों के घोटाले का लगाया आरोप

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में शराब, कोयला और गोबर घोटाल के बाद अब मछली पालन के नाम पर करोड़ों रूपये के घोटाले का मामला सामने आया है। वन मंत्री केदार कश्यप ने पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया है कि पिछली सरकार में मछली पालन के नाम पर एक नए घोटाला सामने आया है। आदिवासियों को स्वरोजगार से जोड़ने वाले नक्सल बजट से मत्स्य विभाग में करोड़ों रूपये का खेला करते हुए ठेका एजेंसियों को फायदा पहुंचाने का काम किया गया।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में सरकार बदलने के बाद से ही पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर कई गंभीर आरोप लग रहे है। आरोपों की इसी कड़ी में वन मंत्री केदार कश्यप ने पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार पर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लिए आए बजट में मछली पालन के नाम पर करोड़ों रूपये के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि आदिवासियों के उत्थान और स्वरोजगार के लिए मिले बजट को मछली पालन के केज बनाने की सब्सिडी में खर्च कर दिया गया। भ्रष्टाचारियों ने यह कारनामा उस फंड में कर दिया है, जो नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकास और रोजगार के लिए भेजा गया था। केदार कश्यप ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस शासनकाल में किसानों के उत्थान के नाम पर आई रकम से अफसर और कर्मचारियों ने अपना उत्थान किया है। उन्होंने आरोप लगाते कहा कि राजनांदगांव में केज कल्चर प्रणाली से मछली पालन के नाम पर करीब 5 करोड़ का घोटाला सामने आया है। उन्होने बताया कि सरकार के रिकॉर्ड में दर्ज हितग्राहियों को कुछ भी जानकारी नही है। मौके पर तालाब में न ही केज का और ना ही मछली पालन का कोई पता है।

कहा - सभी लुटेरों का हिसाब किया जायेगा बराबर

मंत्री कश्यप ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों का हक कांग्रेस ने मारा है। उन्होंने आरोप लगते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस कि भ्रष्टाचारी सरकार ने कोयला, शराब और गोबर में घोटाला करने के साथ ही डीएफ और राशन तक में घोटाला किया गया। इन सारे घोटालों के बाद अब भूपेश बघेल सरकार का मछली पालन के नाम पर बड़ा घोटाला सामने आया है। मंत्री केदार कश्यप ने चेतावनी देते हुए कहा है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार में सभी लुटेरों का हिसाब बराबर किया जायेगा।

दैनिक दावा
मासिक बिल
माह- मई 2024

प्रति दिन	दर	राशि
30 दिन	4 रु. प्रति	120 रु.
1 दिन	प्रकाशन	
	योग	120 रु.

व्यवस्थापक

पेयजल संकट दूर करने व नल-जल योजना का कार्य जल्द पूर्ण करने ग्रामीण मिले कलेक्टर से

राजनांदगांव (दावा)। ब्लॉक के परसबोड़ पंचायत के ग्रामीण आज सरपंच जयश्री चांदतारे के नेतृत्व में पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल के विशेष उपस्थित में आज कलेक्टर से मिलकर पानी के समस्या को देखते हुए पानी टंकी निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण कराने ज्ञापन दिए, उनके बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पहुंचकर मटकी फोड़ कर विरोध दर्ज कराए।

पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा कि पूरे क्षेत्र का यही हाल है, अभी तक कार्य पूर्व नही होने के स्थिति में लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, कहीं सीसी रोड को खोद खराब कर दिए है, कहीं निर्माण अधूरा है।

सरपंच जयश्री चांदतारे ने कलेक्टर से निवेदन किये है कि समस्या को देखते हुए कार्य जल्द पूर्ण करवाने की कृपा करें। प्रमुख रूप से जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू, ललित चांदतारे, रमाकांत साहू, रितेश सिन्हा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत बासुला की सचिव श्रीमती जयदुर्गा शर्मा निलंबित

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्राम पंचायत बासुला की सचिव श्रीमती जयदुर्गा शर्मा को पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत बासुला की सचिव श्रीमती जयदुर्गा शर्मा द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही व स्वेछाचारिता बरतते हुए जय अम्बे बेल्डिंग वक्से के संचालक प्रमोद साहू से हुई वार्तालाप के ऑडियो रिकार्डिंग में राशि लेने एवं लोकसभा निर्वाचन 2024 आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत भी चेक जारी करने का ऑडियो रिकार्ड तथा सचिवी दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com